CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

बरेली, रविवार 18 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध किया, तो टैरिफ लगाएंगे, ट्रम्प की सभी देशों को धमकी पेज 12

# पहली स्लीपर वंदे भारत हुई रवाना

## हावड़ा-गुवाहाटी की 958 किमी की दूरी 14 घंटे में करेगी तय

कोलकाता, वार्ता

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 180 किमी है। श्री मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां विद्यार्थियों से बात भी की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने श्री मोदी को पेंटिग भेंट कीं। प्रधानमंत्री ने ट्रेन में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पहले लोग दूसरे देशों की आधुनिक ट्रेनों को देखकर आस लगाया करते थे कि भारत में भी ऐसी ट्रेनें हों। अब वह सपना सच हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां दुर्गा और मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। उन्होंने इसके लिए पश्चिम बंगाल और असम के लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि रेलवे कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। आज पश्चिम बंगाल सहित देश में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। आधुनिक और तेज गति से चलने वाली ट्रेनों का एक नेटवर्क बन रहा है। पश्चिम बंगाल के गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों को इसका फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल को मिली चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग बंगाल और पूर्वी भारत की यात्रा के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं, ये ट्रेनें उनके सफर को आसान बनाएंगी। आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, डिब्बे और मेट्रो कोच भारत की तकनीक की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव बना रहे हैं। दुनिया के कई देश पैसेंजर कोच और मेट्रो कोच आयात कर रहे हैं। यह पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी।



■ प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई, अधिकतम स्पीड 180 किमी

### टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या, आरोपी रूसी नागरिक गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दोनों शव शुक्रवार को बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब गुरुवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ।

### वायुसेना की सूर्य किरण टीम दिखाएगी करतब

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन क्षेत्र की ताकत दिखाने वाले सालाना आयोजन विंग्स इंडिया 2026 में वायु सेना की सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम भी अपने करतब दिखाएगी। विंग्स इंडिया नागर विमाननं क्षेत्र का एशिया का सबसे बड़ा आयोजन है। इस साल इसका आयोजन हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर 28 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसका शुभारंभ नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू करेंगे।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद

**नई दिल्ली।** आगामी गणतंत्र दिवस और बीटिंग द रिट्रीट समारोह के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की रिहर्सल के चलते राष्ट्रपति भवन अगले सप्ताह 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

# बांग्लादेश में एक महीने में 9वें हिंदू की हत्या

## कर्मचारी को बचाने आए होटल कारोबारी को पीट-पीटकर मारा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश के** गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। बांग्लादेश में बीते एक महीने में अब तक 9 हिंदुओं की हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मासूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। कुछ देर बाद मासूम मिया के माता-पिता, मोहम्मद स्वपन मिया (55) और मजीदा खातून (45) मौके पर पहुंचे और झगड़े में शामिल हो गए। जब दुकान मालिक लिटन चंद्र घोष ने बीच-बचाव कर अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया। इसी दौरान लिटन के सिर पर फावड़े से वार किया गया। पुलिस के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। लोगों ने तीनों आरोपियों स्वपन मिया, मजीदा खातून और मसूम मिया को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। कलिगंज थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) मोहम्मद जाकिर हुसैन ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और हत्या के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बांग्लादेश में 16 जनवरी को हिंदू युवक की पेट्रोल पंप पर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। युवक पेट्रोल का भुगतान किए बिना भाग रही एसयूवी को रोकने की कोशिश कर रहा था। मृतक की पहचान 30 साल के रिपन साहा के रूप में हुई है। वह पेट्रोल पंप पर कर्मचारी था। पुलिस ने बताया कि एसयूवी चालक ने जानबूझकर उसे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे एक काली एसयूवी पेट्रोल पंप पर आई। वाहन में करीब 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपये) का ईंधन भरवाया गया। जब ड्राइवर ने पैसे दिए बिना गाड़ी आगे बढ़ाने की कोशिश की, तो रिपन साहा ने वाहन रोकने की कोशिश की। इसी दौरान एसयूवी ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने एसयूवी जब्त कर ली और वाहन मालिक अबुल हाशेम उर्फ सुजन (55) और ड्राइवर कमाल हुसैन (43) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अबुल हाशेम पेशे से ठेकेदार है। वह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की राजबाड़ी जिला इकाई का पूर्व कोषाध्यक्ष और जिला जुबो दल का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है।



■ पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया




### गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों के निशाने पर दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, आईबी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए फुट सोल्जर की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली- एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं।

# मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

## मेयर बनाने के लिए भाजपा को चाहिए 25 पार्षद

**मुंबई।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। 227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है।

भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी। उधर सीएम फडनवीस ने कहा कि मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है। शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से नाराज हैं। शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है। महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के यूबीटी के संजय राऊत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो भाजपा को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे। 227 सदस्यों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 और सहयोगी शिवसेना ने 29 सीटें जीतीं। जबकि उद्धव की शिवसेना को 65 और एमएनएस को 6 सीटें मिलीं।



■ मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ी, कैबिनेट मीटिंग में नहीं पहुंचे शिंदे और अजित

# ईरान से लौटे भारतीय, एयरपोर्ट पर परिजन से मिलकर रोये

**नई दिल्ली।** ईरान में जारी हिंसा के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। कुछ लोग भारत सरकार की पहल से लौटे, तो कुछ अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलते ही कई नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे।

उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान ईरान में हालात कैसे बिगड़े। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा कि वहां हालात बहुत खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली पहुंची। भारत सरकार ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करके भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखने को कहा था। भारत सरकार के प्रयासों से निजी फ्लाइट के जरिये नागरिक वापस लौटे हैं। ईरान से लौटे भारतीयों के स्वागत के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर उनके परिवार मौजूद थे। ईरान में वहां की करेंसी रियाल के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसम्बर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी को अपना एयरस्पेस खोला, जिसके बाद कई भारतीय अपने देश लौटे। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि हमारे लगभग 9,000 नागरिक इस समय ईरान में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश छात्र हैं। वहां के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने भारतीय नागरिकों को वहां उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने ईरान में फंसे भारतीय लोगों के लिए एक एडवाइजरी की थी। सरकार ने भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखने को कहा था। भारतीय दूतावास ने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल एड्रेस भी जारी किया है। ईरान में भारतीय लोगों को +989128109115, +989128109109, +989128109102 और +989932179359 पर संपर्क करने को कहा गया है। ईमेल एड्रेस cons-tehran@mea.-gov.in पर मदद ली जा सकती है।



■ कहा: वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर, 28 दिसम्बर से हिंसा जारी

# यूपी में कोहरे में 40 गाड़ियां टकराई, सात की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए।

राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर में कंपकंपाने वाली सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। शनिवार को इसका 28वां दिन था। कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई। श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0 डिग्री सेल्सियस रहा, शोपियां -5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इनके अलावा पहलगाम में -2.6डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में -4.2डिग्री सेल्सियस, सोनमर्ग में -2.9डिग्री सेल्सियस रहा। हिमाचल के लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी हुई। स्पीति के शिंकुला दर्रा में 25 टूरिस्ट व्हीकल बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू किया। शिमला और चौपाल के अलावा सभी शहरों के तापमान में बढ़ोतरी हुई। सियोबाग का पारा 1.0 डिग्री सेल्सियस से सीधे 8.0डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

■ श्रीनगर में पारा -4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल में भगवा ले जा रहे हिंदूवादी संगठन को रोका

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिला में ताजमहल पर भगवा ध्वज ले जा रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। शनिवार को ताजमहल में चल रहे शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने ताजमहल से पहले पुरानी मंडी चौराहे पर रोक लिया। दरअसल ताजमहल में शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन चादर पोशी होती है और अखिल भारत हिन्दू महा सभा के कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया था किया था कि ताजमहल में भगवा ध्वज फहराएंगे। पुलिस को पहले से ही जानकारी थी और ऐसे में पुलिस सतर्क भी थी। दरअसल हिन्दूवादी संगठन ताजमहल को तेजोमहालय मंदिर मानते हैं और मंदिर मानकर ही भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे।

### वशिष्ठ केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रवीण वशिष्ठ को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया है। शनिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार वशिष्ठ ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के समक्ष सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें यह शपथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 5(3) के प्रावधानों के अनुसार अधिकृत किया गया था। बिहार कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ का तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट सेवाकाल रहा है।

# इतिहास को भूलने वाला समाज अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है: हरिवंश

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ इतिहास केवल अतीत का लेखा जोखा नहीं है, लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शनिवार को कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है। सिंह ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में दिल्ली विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक वीर विठ्ठल भाई की गौरव गाथा: एक शताब्दी यात्रा पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है।

इतिहास केवल अतीत का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव है। इसलिए वीर विठ्ठलभाई पटेल की विरासत को पुनर्जीवित करना कोई अकादमिक अभ्यास नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक दायित्व है। उन्होंने पुस्तक को भारतीय इतिहास के एक अत्यंत जीवंत और निर्णायक काल का प्रामाणिक दस्तावेज बताया। रॉलेट एक्ट काल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वीर विठ्ठलभाई पटेल ने विधाई परिषद में 220 से अधिक संशोधन प्रस्तुत किए और परिषद के प्रथम भारतीय अध्यक्ष बने। उन्होंने वीर विठ्ठलभाई पटेल की व्यक्तिगत ईमानदारी, औपनिवेशिक सत्ता से समझौता न करने का साहस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दिया गया मार्गदर्शन तथा स्वतंत्रता संग्राम हेतु अपनी वसीयत और संसाधन सौंपने का भी उल्लेख किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1912 से 1933 का कालखंड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे निर्णायक चरण रहा, जिसका समापन 22 अक्टूबर 1933 को वीर विठ्ठलभाई पटेल के निधन के साथ हुआ।

# रोहित वेमुला के सवाल खत्म नहीं हुए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दलित समाज आज भी उसी तरह के माहौल का हिस्सा, उसकी लड़ाई लड़ना हमारी जिम्मेदारी

■ भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है: कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एक दशक पहले जिस रोहित वेमुला की जान गई थी, उसी तरह के सवाल आज भी जिंदा है और देश का दलित समाज उसी तरह के माहौल का हिस्सा बना हुआ है, इसलिए उसकी लड़ाई लड़ते रहना हमारी जिम्मेदारी है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज रोहित वेमुला की मौत को गए 10 साल हो गए, लेकिन उसका सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है और पूछा जा रहा है कि क्या इस देश में सपने देखने का हक सबको बराबर है। उनका कहना था कि रोहित पढ़ना, लिखना चाहता था। विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था, लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में आज भी संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, 'औक़ात' दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार है और यही वह जहर था, जिसने एक होनहार युवा को उस मुक़ाम तक धकेल दिया, जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या आज दलित युवाओं की हकीकत क्या बदली है। उनका कहना था कि कैंपस में वही तिरस्कार, हॉस्टल में वही अलगाव, क्लास में वही कमतर समझना, फिर वही हिसा और कभी-कभी वही मौत। क्योंकि जाति आज भी इस देश में सबसे बड़ा एडमिशन फॉर्म है। इसीलिए रोहित वेमुला एक्ट कोई नारा नहीं, एक जरूरत है, ताकि शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत भेदभाव अपराध बने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और किसी भी छात्र को उसकी जाति के नाम पर तोड़ने, चुप कराने और बाहर करने की छूट खत्म हो। यह लड़ाई सिर्फ संसद की नहीं है। यह लड़ाई कैंपस की है, युवाओं की है, हमारी है। दलित युवाओं- आवाज उठाओ, संगठन बनाओ, एक-दूसरे के साथ खड़े रहो। मांग करो रोहित वेमुला एक्ट अभी लागू करो। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें इस कानून को जल्द से जल्द लागू करने की प्रक्रिया में हैं। हम एक ऐसा भारत चाहते हैं, जो न्यायपूर्ण, मानवीय और समान हो, जहां किसी दलित छात्र को अपने सपनों की कीमत अपनी जान से न चुकानी पड़े। रोहित, तुम्हारी लड़ाई हमारी जिम्मेदारी है। वहीं कांग्रेस ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर तबाह करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अच्छी शिक्षा किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है, लेकिन भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है।

## उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चंदौली में जताया भरोसा

# एकीकृत न्यायालय परिसर देश के लिए बनेंगे प्रेरणास्रोत

**चंदौली, वार्ता**



■ सीजेआई ने छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ किया

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बनने वाले एकीकृत न्यायालय परिसर देश में न्यायिक व्यवस्था के लिए प्रेरणाश्रोत साबित होंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने यहां से छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ करने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता का इजहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद। आज की ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हो सका। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। उसी इतिहास में उन्होंने आज एक नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की भी स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक सपने को साकार करने के लिए मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि छह इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स और अन्य चार जो बनने वाले हैं, इनके बनने से उत्तर प्रदेश पूरे भारत में एक उदाहरण बनेगा। ये इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स पूरे भारत के लिए एक बेंचमार्क बनेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आपने देखा होगा कि इन इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स को देखकर ऐसा लगता है कि अगले पचास वर्षों या उससे अधिक समय तक जो आवश्यकताएं होंगी, उन्हें वे पूर्ण रूप से पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हर प्रकार की सुविधा से लैस ए न्यायिक कोर्ट कॉम्प्लेक्स वकीलों के लिए तथा न्याय के उपभोक्ता यानी आम आदमी के लिए, जो न्याय के अधिकार के लिए अदालत में आते हैं, बहुत ही सराहनीय सुविधाएं प्रदान करते हैं। मैं सरकार और उच्च न्यायालय को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में जिला न्यायपालिका को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सभी का अपना हाईकोर्ट होगा। सुप्रीम कोर्ट से भी अधिक मौलिक अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं का इसके पीछे यही कारण था कि जिला न्यायपालिका स्थापित होगी, तो न्याय के सपने को भारत में पूरा किया जा सकेगा। लोगों को अपने क्षेत्र में नजदीक में ही अदालत की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वाराणसी के बारे में भी हमारे न्यायमूर्ति ने उल्लेख किया। हम लोग तो चाहते हैं कि हर जनपद में कोर्ट कॉम्प्लेक्स बने। प्रदेश सरकार की ओर से मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि पैसों की कमी नहीं है और होने भी नहीं दी जाएगी। इच्छाशक्ति की कमी जरूर दिखती है।

### मुख्य न्यायाधीश के पहुंचने से पहले अधिवक्ताओं ने बैठने को लेकर किया हंगामा

**चंदौली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को प्रदेश के छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर के शुभारंभ के पहले अधिवक्ताओं ने बैठने की व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि 28 वर्षों की जद्दोजहद के बाद ऐसा मौका आया है, लेकिन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आगे बिठा दिया गया है, जबकि अधिवक्ताओं को पीछे बैठाया जा रहा है। शोर-गुल सुनकर मौके पर कई अधिकारी अधिवक्ताओं से संवाद करने पहुंच गए। चंदौली सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मूल रूप से अधिवक्ताओं का है। चंदौली जिले के पदाधिकारियों को पीछे बैठा दिया गया है, जबकि अन्य जनपदों के लोगों को आगे की सीटें दी जा रही हैं।

# जीरो पावर्टी अभियान से मिलेगी शैक्षणिक संस्थानों को ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार एक और अहम कदम उठाने जा रही है। सरकार के महत्वाकांक्षी 'जीरो पावर्टी अभियान' से प्रदेश के विश्व विद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किए जाएंगे, जिनके माध्यम से प्रत्येक संस्थान 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां चिन्हित गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य करेगा। इस पहल के अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, एमएस डब्ल्यू सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र स्वयंसेवक के रूप में अभियान से जुड़ेंगे। ये छात्र गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों का सर्वे करेंगे और उन्हें आजीविका, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने में सहयोग करेंगे। अभियान की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजधानी लखनऊ से की जाएगी। इसके परिणामों के आधार पर इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव (योजना) आलोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े छात्र ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों की जरूरतों का आकलन करेंगे और उनके लिए माइक्रो प्लानिग के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक संस्थान में नोडल शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्किलिग प्रोग्राम, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट अवसरों से जोड़ा जाएगा।



**सेंसेक्स** 83570.35
**निफ्टी** 25694.35



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो



# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक आईसीएसआई सदस्यों को देगा विशेष बैंकिंग सुविधा

**मुंबई, वार्ता**

देश के सबसे बड़े लघु वित्त बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय कंपनी सेक्रेटरी संस्थान (आईसीएसआई) के सदस्यों के लिए विशेष बैंकिंग सुविधाओं की घोषणा की है।

AU SMALL FINANCE BANK

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इसके लिए उसने संस्थान के साथ शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत आईसीएसआई के सदस्यों को विशेष बैंकिग और क्रेडिट कार्ड सुविधाएं देने के साथ उन्हें नियुक्तियों में भी प्राथमिकता दी जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को हाल ही में रिजर्व बैंक से पूर्ण बैंक में बदलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में ब्रांच बैंकिंग के सर्किल प्रबंधक रजत माथुर ने हस्ताक्षर किए। संस्थान के सदस्यों को बचत खाता पैकेज प्रदान किया जाएगा, जबकि कंपनी सेक्रेटरी के फर्मों को बिजनेस खाता पैकेज के तहत चालू खाता दिया जाएगा। इन खातों पर न्यूनतम बैलेंस की जरूरत नहीं रहेगी। इनके साथ डीमैट खाता खोलने पर कोई वार्षिक शुल्क नहीं लगेगा। घर पर बैंकिंग के तहत महीने में दो बार विजिट की सुविधा होगी। बचत खाते के साथ लॉकर शुल्क में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इन खातों के साथ जारी डेबिट कार्ड से कंपनी सेक्रेटरी घरेलू हवाई अड्डों पर हर तिमाही में दो बार लॉन्ज तक पहुंच का लाभ उठा सकेंगे। उन्हें प्रतिबद्ध संबंध प्रबंधक की भी सुविधा मिलेगी। साथ ही बचत खाते पर प्रीमियम क्रेडिट कार्ड और चालू खाते के साथ सावधि जमा पर ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। जिन पदों के लिए कंपनी सेक्रेटरी योग्य होंगे उन पर नियुक्ति में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा हाट 18 से 31 जनवरी तक दिल्ली हाट में होगी आयोजित

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) 18 से 31 जनवरी तक यहां दिल्ली हाट में पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का आयोजन कर रहा है, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित किया जाएगा। एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी तथा मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदर्शनी पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित एक प्रदर्शनी होगी जो रविवार से 31 जनवरी तक यहां आईएनए दिल्ली हाट में सुबह 10:30 बजे से रात 10 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगी।

प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक शिल्पकला विरासत का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित कर कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनका विपणन करने के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 में विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह प्रदर्शनी पारंपरिक शिल्पकलाओं की एक विस्तृत श्रृंखला, शिल्पकला के प्रत्यक्ष प्रदर्शन और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित करेगी जो 'विश्वकर्मा का अभियान, विकसित भारत का निर्माण' की भावना को दर्शाएगी।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालों में नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। चीनी के दाम में टिकाव रहा जबकि दालों में नरमी देखी गई।

खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,795 रुपये प्रति क्विटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,867 रुपये प्रति क्विटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़ी। दाल- दलहनों में गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 142 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 76 रुपये और चना दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल की कीमत 37 रुपये और मूंग दाल की 13 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 264 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 28 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 70 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 58 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विटल बढ़ गए। वहीं चीनी लगभग गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069.98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608.86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# माघ मेले का आकर्षण बने हैं गोल्डन बाबा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम तट पर बसी टेंट नगरी में जगद्गुरु संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा के सुर्खियों में आने के बाद अब एक और बाबा इन दिनों माघ मेले में चर्चा में बने हुए है। मूलरूप से कानपुर के रहने वाले गूगल गोल्डन बाबा उर्फ मनोज आनंद ने सोने-चांदी के गहने पहने हुए है। गोल्डन बाबा ने योगी आदित्यनाथ को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए नंगे पैर रहने का कठोर संकल्प भी लिया हुआ है।

चांदी के मुकुट और हाथों में सोने के लड्डू गोपाल के साथ बाबा का यह अनोखा अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। कानपुर से आए गूगल गोल्डन बाबा अपने अनोखे अंदाज के लिए पूरे माघ मेले में इन दिनों छाए हुए है। बाबा अपने हाथों में सोने से बने लड्डू गोपाल की मूर्ति हमेशा लेकर चलते है। मनोज आनंद उर्फ गोल्डन बाबा महाराज अपने शरीर पर करीब पांच करोड़ की कीमत का आभूषण पहनकर रहते है। गोल्डन बाबा अपने हाथों में देवी देवताओं की आकृति वाली अंगूठियां और गले में सोने और चांदी का शंख भी पहने हुए है। बाबा की वेशभूषा एकदम अलग दिखती है। गोल्डन बाबा ने अपने सिर पर कई किलों का चांदी से बना हुआ मुकुट भी पहना हुआ है। बाबा ने भगवा रंग के कपड़े पहने हुए और उसमें मुख्यमंत्री योगी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बकायदा एक पोस्टर छपा हुआ है। गूगल गोल्डन बाबा कहते है कि वो केवल अपने आभूषणों के लिए ही नहीं जाने जाते, बल्कि अपने एक कठोर संकल्प के लिए भी लोग उन्हें जानते है। लोग उन्हें गूगल गोल्डन बाबा के नाम से जानते है। बाबा ने बताया कि उनको सोना और चांदी पहनने का शौक इसलिए है, क्योंकि वो एक क्षत्रिय है। उन्होंने जो सोने और चांदी के आभूषण पहने हुए है उसकी कीमत करीब पांच करोड़ से कम नहीं है। बाबा के मुताबिक कई किलों सोना उन्होंने पहना हुआ है। करीब 20 साल से वो इस वेशभूषा में रहते है। गूगल गोल्डन ने बताया कि जब तक योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद देश के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वो नंगे पैर परिक्रमा करेंगे। बाबा पहले पांच लाख रुपये की चांदी की चप्पल पहनते थे लेकिन अब उन्होंने नंगे पैर रहने का प्रण लिया है। बाबा चांदी के बर्तन में भोजन करते है और उनके चांदी के मुकुट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगी हुई है। वो अबतक यूपी के सभी जिलों में घूम चुके है। बाबा पिछले आठ सालों से मेले में आते है और यहां अनुष्ठान करते है। बाबा ने बताया कि इतना सोना और चांदी पहनकर उनको कोई डर नहीं लगता, क्योंकि उनके लड्डू गोपाल उनके साथ है। उनको किसी सुरक्षा की जरूरत नहीं है। वो अपने प्रभु के साथ सुरक्षित है। गोल्डन बाबा से ए सवाल पूछे जाने पर बाबा पहले क्या करते थे, तो उन्होंने जवाब में कहा कि वो पैदायशी रईश है।

# समग्र विकास की योजना को बाधित करने साजिशें जारी

**वाराणसी, वार्ता**



■ मुख्यमंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर किया इशारा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक नगरी काशी के मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है।

काल भैरव मंदिर और विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद योगी ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है। इसके सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसलिए मुझे आज काशी आना पड़ा है। उन्होंने कहा कि काशी अविनाशी है। काशी के प्रति हर सनातनी और हर भारतवासी अपार श्रद्धा रखता है। स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था और जिस गति से उसका विकास होना चाहिए था, वह समग्र विकास पहले नहीं हो पाया। पिछले 11 वर्षों में काशी अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उसका संवर्धन कर रही है।

साथ ही भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छू रही है। काशी को एक नई वैश्विक पहचान मिली है। काशी का प्रतिनिधित्व देश की संसद में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की पुरातन काया को संरक्षित रखते हुए उसे नए कलेवर में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी के अनुरूप 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें से 36 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं लोकार्पित हो चुकी हैं और शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रतिदिन पांच हजार से 25 हजार तक श्रद्धालु आते थे। आज यह संख्या डेढ़ लाख से डेढ़ लाख प्रतिदिन हो गई है। पीक सीजन में यह संख्या 6 लाख से 10 लाख तक पहुंच जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। योगी ने यहां पत्रकारों से कहा कि गत वर्ष काशी में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

### योगी ने 'कथक सम्राट' पंडित बिरजू महाराज को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कथक सम्राट' और 'पद्म विभूषण' से सम्मानित महान नृत्याचार्य पंडित बिरजू महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य-कला, विशेषकर कथक को वैश्विक पहचान दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया। उनकी नृत्य-साधना, कोमल भाव-अभिव्यक्ति, लयात्मक सौंदर्यबोध और संगीत-ज्ञान ने भारतीय कला परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज की विलक्षण कला-साधना और गुरु परंपरा सदैव भावी पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रगोत बनी रहेगी। उनके योगदान को भारतीय संस्कृति और कला जगत सदैव श्रद्धा के साथ स्मरण करेगा। गौरतलब है कि संगीत और साहित्य की नगरी काशी में 17 जनवरी यानी शनिवार को पांच प्रदेशों के कथक कलाकारों का जुटान होगा। कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज को 'कथक यज्ञ' के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# बार चुनाव में 1365 अधिवक्ताओं ने डाले वोट

**कुल मतदाता 1612**
**कुल पड़े वोट 1365**

## 333 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिकाओं में कैद, पहले चरण का मतदान हुआ सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव में 1365 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अमरोहा के मुकाबले हसनपुर में अधिवक्ता वोटरों में जोश ज्यादा दिखाई दिया।

बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव मतदान के दूसरे दिन बड़ी संख्या में वोटरों ने अपने मत का प्रयोग किया। अमरोहा में 1268 मतदाताओं में से 1027 ने वोट डाले। मतदान सुबह दस बजे शुरू हुआ तथा पांच बजे तक चला। मतदान केन्द्र के बाहर अधिवक्ताओं की भारी भीड़ जमा रही। दोपहर के बाद धूप निकलने पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचहरी पहुंचे जहां उन्होने मतदान किया। जिनके पास से सीओपी व प्रमाण पत्र की प्रति नहीं थी उन्हें अपने मत का प्रयोग नहीं करने दिया गया। जबकि कुछ प्रत्याशियों की ओर से अधिवक्ताओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गयी थी। उधर हसनपुर में 344 अधिवक्ता मतदाताओं में से 308 ने मतदान में हिस्सा लिया। यहां कई अधिवक्ताओं की कुछ दिन पूर्व ही मौत हो गयी है। जिस कारण उनके वोट नहीं पड़ सके। सुबह से ही प्रत्याशियों के समर्थक अधिवक्ता अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगते देखे गये। वोटों की मतपेटिकाओं को सील कर दिया गया है। जिन्हें पुलिस सुरक्षा में इलाहाबाद भेजा जाएगा। 22 जिलों में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय चुनाव मतदान सम्पन्न हो गया। इस चुनाव में 333 प्रत्याशी हैं तथा दो लाख 81 हजार अधिवक्ता वोटर हैं। सभी प्रत्याशी चाहते थे कि अधिवक्ता उन्हें पहली या दूसरी वरीयता का वोट करें। उधर अधिवक्ता वोटरों ने भी किसी प्रत्याशी को नाराज नहीं किया। पहले चरण के मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिकाओं में कैद हो गया है। अमरोहा जिले में पूर्व विधायक व बार के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज राणा को भारी समर्थन देखने को मिला। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण के मतदान में उन्हें वकीलों का भारी समर्थन मिला है।



## हसनपुर में 308 वकीलों ने की वोटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के चुनाव में दूसरे दिन तहसील बार एवं मुंसिफी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। शनिवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव के दूसरे दिन अधिवक्ताओं द्वारा मुंसिफी बार कोर्ट में बनाये गये मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोटिंग की गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील बार एसोसिएशन एवं मुंसिफी कोर्ट बार के अधिवक्ताओं द्वारा मतदान केंद्र पर वोटिंग की गई। दोनों बारों के 344 वोटो में से 308 वोटरों ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान में महिला अधिवक्ताओं द्वारा भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। अधिवक्ताओं प्रत्याशियों की सूची बनाकर मतदान केंद्र के भीतर ले गये थे। शुक्रवार को 164 वोटो ने अपने मत का प्रयोग किया था। प्रत्याशियों के समर्थक वोटरो से लगातार संपर्क करते हुए नजर आ रहे थे। मतदान केंद्र के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये थे।



## अधिवक्ता का पर्स चोरी

**अमरोहा**। बार काउंसिल चुनाव के दौरान कचहरी परिसर में एक अधिवक्ता का पर्स चोरी हो गया। पीड़ित अधिवक्ता अशोक सैनी का आरोप है कि मतदान के दौरान किसी उचक्के ने उनका पर्स पार कर दिया, जिसमें करीब तीन हजार रुपये रखे हुए थे। घटना की जानकारी होते ही अधिवक्ता ने आसपास तलाश की, लेकिन पर्स का कोई सुराग नहीं लग सका। भीड़भाड़ और चुनावी गहमागहमी का फायदा उठाकर उचक्का वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना को लेकर कचहरी परिसर में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

## पोस्टर-होर्डिंग से पटी कचहरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। दूसरे दिन के मतदान में कचहरी का माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया। बार चुनाव के दौरान कचहरी परिसर किसी राजनीतिक अखाड़े से कम नजर नहीं आया। दीवारें, खंभे तथा गेट हर जगह प्रत्याशियों के पोस्टर और होर्डिंग्स लगे हुए थे। सुबह अपेक्षाकृत सुस्ती रही, लेकिन जैसे ही धूप निकली, अधिवक्ताओं की चहल-पहल बढ़ती चली गई। मतदान केंद्र के बाहर गहमा-गहमी रही और प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। जिन वकीलों के पास सीओपी और प्रमाण पत्र की प्रतियां नहीं थीं, उन्हें निराश लौटना पड़ा। वहीं कुछ प्रत्याशियों की ओर से जलपान की व्यवस्था ने भी चर्चा बटोरी। हसनपुर में जोश कुछ ज्यादा दिखा। अब अधिवक्ताओं की पहली व दूसरी वरीयता किसके भाग्य को चमकाएगी, इसका फैसला मतपेटिकाओं में बंद हो चुका है।

### पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला

# पत्नी व प्रेमी को तीन-तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान के बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी मानते हुए कोर्ट ने दोनों को तीन-तीन वर्ष व दस-दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई निवासी किसान राम प्रकाश ने साल 2019 में बेटे ओमपाल की शादी संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव तोमी की रहने वाली सुशीला के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही सुशीला के गांव के ही रहने वाले विजेंद्र से प्रेम संबंध हो गए थे। भनक लगने पर ओमपाल ने सुशील और विजेंद्र को समझाया, लेकिन दोनों ने उसकी बात नहीं मानी। इसी बीच सुशील ने विजेंद्र के साथ षड्यंत रचकर ओमपाल को कई बार नशीली दवाई खिलाकर मारने का भी प्रयास किया लेकिन दोनों का मंसूबा कामयाब नहीं हो सका। वहीं, विवाद शुरू होने पर सुशीला फिर मायके चली गई थी। ओमपाल बुलाने भी पहुंचा लेकिन उसने साथ आने से इंकार कर दिया। सुशील ने मायके में ही ओमपाल को अपमानित भी किया था और खाने में जहर देकर मारने का प्रयास भी किया था। इतना ही नहीं सुशील ने ओमपाल को अपने पिता जयपाल और माता रामहरि के साथ मिलकर आत्महत्या करने के लिए उकसाया था। सुशील की प्रेमी विजेंद्र से इस दौरान मोबाइल पर बात. चीत होती थी। मामले में ओमपाल को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए उसकी पत्नी सुशीला, प्रेमी विजेंद्र, ससुर जयपाल और सास रामहरि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान जयपाल व रामहरि का नाम केस से पृथक करते हुए सिर्फ सुशीला और उसके प्रेमी विजेंद्र के खिलाफ ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बाद में दोनों को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया था। फिलहाल दोनों जमानत पर थे। केस की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट ने शनिवार को केस में आखिरी सुनवाई की। पत्रावली का बारीकी से अवलोकन किया तथा साक्ष्यों के आधार पर सुशीला और उसके प्रेमी विजेंद्र को दोषी माना। दोनों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**■ कोर्ट ने दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

# नौकरी लगवाने के नाम पर 3.70 लाख ठगे

## कोर्ट के आदेश पर पति-पत्नी व बेटे पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 3. 70 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने स्कूल संचालक दंपती और उनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला शफातपोता में मोहम्मद कामिल का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक अमरो. हा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द के रहने वाले महताब कमर और उनके पति समशुल कमर से उनके अच्छे संबंध थे। महताब कमर और समशुल कमर एक डिग्री कॉलेज व इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन करते हैं। दोनों का स्कूल व कॉलेज के काम के लिए अक्सर लखनऊ आना-जाना लगा रहता है। आरोप है कि महताब कमर ने मोहम्मद कामिल को विकास भवन में संविदा पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर के पद पर नौकरी लगवानी की बात कही। साथ ही उन्होंने लखनऊ तक पहुंच बताने की बात करते हुए 30 दिसंबर 2024 को तीन लाख रुपये ले लिए। इसके बाद महताब कमर ने पीड़ित मोहम्मद कामिल का प्रधानमंत्री मातृ वंदना में डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर पद पर रजिस्ट्रेशन कराया और 30 दिसंबर 2024 को एक नियुक्ति पत्र उन्हें दे दिया, जिस पर नियुक्त किया जाना लिखा हुआ था लेकिन मोहम्मद कामिल की नौकरी नहीं लगी। इसके बाद मोहम्मद कामिल ने महताब कमर से अपने रुपये वापस मांगे तो महताब कमर के पति समशुल कमर ने 70 हजार रुपये ओर देने पर नौकरी लगने की बात कही। इसके बाद पीड़ित मोहम्मद कामिल ने समशुल कमर के द्वारा दिए गए बारकोड पर 70 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। यह बारकोड किसी गुलाम वारसी के नाम से था। 31 सितंबर 2025 की दोपहर महताब कमर, समशुल कमर और उनका बेटा मोहम्मद मेहरान घर आए। इस दौरान मोहम्मद कामिल ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने लौटने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं तीनों ने मारपीट की। मोहम्मद कामिल की पत्नी फरीदा शहनाज और बेटे जैद को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर महताब कमर, उनके पति समशुल कमर और बेटे मोहम्मद मेहरान के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की जा रही है।

# मासूम से दुष्कर्म में तहेरा भाई दोषी

## सोमवार को सजा का ऐलान करेगा कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया है। पॉक्सो एक्ट के तहत चल रहे मुकदमे में शनिवार को सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने पीड़िता के तहेरे भाई को दोषी मानते हुए सजा के प्रश्न पर अगली तारीख तय की है।

वारदात 9 अगस्त 2025 को रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आई थी। यहां रहने वाले एक किसान की छह वर्षीय बेटी शाम में घर पर थी। मौका पाकर तहेरा भाई बच्ची को बहलाकर अपने साथ जंगल में ले गया था। उसने गन्ने के खेत में बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। शोर सुनकर पास में ही एक खेत में घास काट रही पीड़िता की चाची के मौके पर पहुंचते ही आरोपी वहां से भाग निकला था। लहूलुहान हालत में मिली बच्ची को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचते हुए जांच-पड़ताल की थी। एसपी अमित अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का मुआयना किया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी तहेरे भाई को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। तभी से वह जेल में है। पांच महीने के भीतर पुलिस ने विवेचना पूरी करते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। एफएसएल रिपोर्ट में भी बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुघष्टि की गई। कोर्ट ने 20 सिंतबर 2025 को इस मुकदमे में पहले सुनवाई की और तुरंत ट्रायल पर ले लिया। शनिवार को कोर्ट ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए पत्रावली के गहन अवलोकन के बाद साक्ष्यों के आधार पर पीड़िता के तहेरे भाई को दोषी करार दिया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि मामले में सजा के प्रश्न पर सुनवाई सोमवार को होगी।

# गुरु जम्भेश्वर के विचार आज भी प्रासंगिक

## जेएस कालेज में दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जे.एस. हिन्दू पी.जी. कॉलेज में गुरु जंभेश्वर का दार्शनिक चिंतन विषय पर भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा संपोषित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। जिसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विश्वविद्यालय का कुलगीत विश्व में चमके निरन्तर विश्वविद्यालय हमारा ऐश्वर्या एवं उनके साथियों द्वारा सस्वर गाया गया। जिसने सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित सबदवाणी के टीकाकार विश्नोई समाज के प्रख्यात संत स्वामी कृष्णानंद महाराज ने अपने उद्‌बोधन में अमरोहा को "आम की मिठास और व्यवहार की मिठास की नगरी" बताते हुए कहा कि गुरु जंभेश्वर का सम्पूर्ण जीवन भी व्यवहारिक मिठास और करुणा का प्रतीक है। उन्होंने हिंदू परंपरा में



गुरु गोरखनाथ और गुरु जंभेश्वर के दर्शन की समानताओं पर प्रकाश डालते हुए अग्नि पूजा के प्रावधान और उस युग में जाम्भ दर्शन के प्रादुर्भाव का उल्लेख किया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने कहा कि गुरु जंभेश्वर द्वारा प्रतिपादित 29 नियम एक आदर्श जीवनशैली के प्रतिमान हैं। उन्होंने गुरु जंभेश्वर को पर्यावरणीय परिस्थितियों का प्रथम दृष्टा बताते हुए कहा कि वे कार्सिनोजेनिक तत्वों के विरुद्ध पर्यावरण-संरक्षण के सृजनकर्ता थे। पुरुष और प्रकृति के संतुलित संबंधों पर उनकी सकारात्मक टिप्पणी आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, मंत्री, योगेश कुमार जैन, प्राचार्य प्रोफेसर वीर विरेन्द्र सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार, प्रो. बाबूराम, प्रो. अभय रंजन, डॉ. कृष्णलाल विश्नोई आदि मौजूद थे।

# रिटायर फौजी से आठ लाख रूपये की ठगी

## लोहे के व्यापारी को बनाया शिकार, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कारोबारी लेनदेन में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रिटायर्ड फौजी और लोहे के व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने एक फैब्रिकेशन कारोबारी के खिलाफ करोड़ों के व्यापार में बकाया रकम न चुकाने का मुकदमा दर्ज किया है।

रिटायर्ड फौजी राकेश चंद्र गुप्ता की जोया रोड स्थित गांव नवादा में आरए ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। वह लोहे की चादर, पाइप व लोहे आदि बेचने का कारोबार करते हैं। एफआईआर के मुता. बिक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कनपुरा निवासी सरफराज में भी लकी फैब्रिकौन नाम से अपनी फर्म खोल रखी है। उनके द्वारा एक मार्च 2018 से 19 जुलाई 2021 तक 7144962 रुपये की कीमत की चादर, पाइप और लोहा खरीदा गया था। सरफराज ने 12 फरवरी 2018 से 9 फरवरी 2023 तक 634176 रुपये का भुगतान बैंक के माध्यम से किया लेकिन साढ़े चार साल बीतने के बाद भी उन्होंने बकाया 803193 नहीं दिए। तकादा करने पर सरफराज ने बहाने बनाने शुरू कर दिए। वहीं, पीड़ित राकेश चंद्र गुप्ता ने बैंक से लिमिट करा रखी थी, इस दौरान उन्होंने सरफराज पर बकाया रकम का 10.35 प्रतिशत ब्याज अदा दिया जो साढ़े चार साल में 3,74 087 रुपये बनाता है। राकेश चंद्र गुप्ता ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। उनके निर्देश पर डिडौली पुलिस ने आरोपी सरफराज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले की जांच शुरू करने की बात कही।

# हाइवे पर टकराए सात वाहन, आठ घायल

## कोहरे के चलते हुआ हादसा, हाइवे पर लगा जाम, क्रेन से वाहन हटवाकर यातायात कराया सुचारु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली में घना कोहरा शनिवार सुबह हादसों का सबब बना रहा। नेशनल हाईवे-9 पर दृश्यता बेहद कम होने के कारण डीसीएम व बस के अलावा पांच कारें आपस में टकरा गईं। इस भीषण सड़क हादसे में सात से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात काफी देर तक बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कोहरा इतना घना था कि आगे चल रहे वाहनों का अंदाजा ही नहीं लग सका, जिसके चलते एक के बाद एक वाहन टकराते चले गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पानीपत से मनोना धाम जा रहे हरीश के अलावा उनकी पत्नी श्रीदेवी, बेटा सोनू व उदयवीर घायल हो गए तथा मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले रोड पर ट्रक में पीछे से डीसीएम जा टकराई।जिसमें चालक वाहिद अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी नवाबगंज बरेली घायल हो गया तथा इसके पीछे से कार सवार हमजा पुत्र नाजिम अली जाकिर ईद गाह रोड पाकबड़ा घायल हो गए। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है और पुलिस हादसे की जांच में जुटी हुई है।



## बाइक देने से मना करने पर साले बहनोई को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। थाना क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर में बाइक देने से मना करना युवक को भारी पड़ गया, बुढ़नपुर गांव निवासी सलीम अपने घर के सामने बैठा था। तभी गांव का ही शफी हसन उससे बाइक मांगने लगा। सलीम द्वारा बाइक देने से मना करने पर शफी हसन ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया। सलीम के साथ मारपीट होता देख उसका साला मौके पर पहुंचा और बचाने का प्रयास किया तो शफी हसन ने उसके साथ भी मारपीट की। बीच-बचाव करने आए वहनोई के साथ भी मारपीट की गई। जिससे साला-बहनोई दोनों घायल हो गए। सलीम ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

# ऑनलाइन कार बिक्री के नाम पर 1.72 लाख ठगे

## अमरोहा बुलाकर किया सौदा, उत्तराखंड में छीनी कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ओएलएक्स के माध्यम से कार खरीदने के नाम पर कारोबारी से 1.72 लाख रूपये ठग लिये। पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव शहजादनगरिया में कारोबारी आलम का परिवार रहता है। 14 नवंबर 2025 को उन्होंने ओएलएक्स पर उत्तराखंड नंबर अर्टिगा कार देखी थी। ओएलएक्स के माध्यम से नंबर लेकर जानकारी की तो कार बेचने वाले लोगों ने अपना पता अमरोहा का बताया। इसके बाद आलम अमरोहा आए और गाड़ी का सौदा कर 1.72 लाख रुपये शहर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी परवेज आलम, जुबेर व आरिश को दे दिए। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने कार का स्टांप उत्तराखंड में कराने की बात की और कार लेकर उत्तराखंड चले गए। यहां पर तीनों आरोपियों के अलावा एक अन्य व्यक्ति मिला और उसने कार की चाबी छीन ली। पीड़ित आलम ने परवेज आलम को फोन किया तो उसने कहा कि वहां से भाग जाओ। फर्जी मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। किसी तरह उत्तराखंड से लौटे पीड़ित आलम ने मामले की शिकायत शहर कोतवाली में की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में परवेज आलम, जुबैर व आरिश के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# दहेज में बीस लाख न मिलने पर कराया गर्भपात

## ससुराक्ष पक्ष के छह लोगों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में बीस लाख न मिलने व विवाहिता का गर्भपात कराने में ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला लकड़ा निवासी मोहम्मद हयात ने अपनी बेटी तनवीर अथर की शादी 22 दिसंबर 2014 को उत्तराखंड के मल्लीताल में बूचड़खाना के रहने वाले अथर तकवीम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर तनवीर अथर को प्रताड़ित करते थे। घर खरीदने के लिए मायके से 20 लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। कई बार दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई, लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों का व्यवहार नहीं बदला। साल 2015 में तनवीर ने एक बेटी को भी जन्म दिया। इसके बाद से ससुराल वालों की ज्यादती और ज्यादा बढ़ती चली गई। विवाहिता की ननद सरकारी नौकरी करती है और वह भी अपने परिजनों को पूरा सहयोग करती है। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने तनवीर अथर को मारपीट निकाल दिया। इसके बाद पीड़ित तनवीर ने राष्ट्रीय महिला आयोग से शिकायत की थी। इस दौरान ससुराल वाले परेशान नहीं करने की बात करते हुए समझौता कर अपने साथ घर ले गए लेकिन कुछ दिन बाद फिर उत्पीड़न शुरू कर दिया। विवाहिता दोबारा से गर्भवती हुई तो आरोप है कि उसका गर्भपात करा दिया। ससुराल वाले आत्महत्या करने या फिर घर छोड़कर जाने के लिए धमकाते हैं। विवाहिता तनवीर अथर अपने मायके में पिता की घर रहती है। पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में अथर तकवीम, अकीला बेगम, निशि कय्यूम, आजाद कय्यूम, तजहर कय्यूम उर्फ सनी, नेहा कय्यूम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# कोहरे में मैक्स से भिड़ी बस, तीन घायल

## निजी अस्पताल में कराया घायलों का इलाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शनिवार की सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर शाहपुर कला गांव के पास एक डग्गामार बस और मैक्स गाड़ी के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में मैक्स सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

शनिवार सुबह दृश्यता काफी कम थी। बताया जा रहा है कि एक डग्गामार बस रहरा की दिशा से हसनपुर की ओर आ रही थी। जबकि मैक्स गाड़ी रहरा की तरफ जा रही थी। शाहपुर कला गांव के नजदीक कोहरे के बीच बस चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की जिसके कारण सामने से आ रही मैक्स से उसकी सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में मैक्स चालक सोनू पुत्र अब्दुल वहीद, निवासी माधोपुरम, मेरठ, जावेद पुत्र हाजी रसीद, निवासी बनिया पाड़ा, मेरठ और रिजवान पुत्र मेहरलाही, निवासी श्याम नगर, मेरठ गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। हसनपुर कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और मैक्स दोनों को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में तहरीर मिलने का इंतजार किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर बस चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# बीबड़ा कलां में घूमता दिखाई दिया तेंदुआ



## ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र के गांव अलीपुर कलां में किसान की मौत के बाद अब गांव बीबड़ा कलां में तेंदुआ देखा गया है। रात में ग्रामीणों ने तेंदुए को घूमते हुए देखा, जिसकी गति. विधियां मास्टर लीलपत सिंह के मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तेंदुए का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि वन विभाग को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने की मांग की है ताकि किसी भी बड़ी घटना को टाला जा सके। मनोज कुमार ने बताया तेंदुए के वीडियो को देखकर ग्रामीणों में दहशत है तथा कुछ समय पहले भी ग्रामीणों ने गांव में तेंदुआ देखा था। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है गांव में पिंजरा लगाया जाए ग्रामीणों ने बताया गांव में तेंदुए का लेकर भय बना हुआ है इससे पहले भी तेंदुआ गांव में घूमता हुआ देखा गया है। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह तेंदुए के हमले गांव अलीपुर कलां में किसान कैलाश की मौत हो गई थी, वह जंगल में शौच करने के लिए गए थे। डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा ने गांव में टीम भेजने तथा ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की बात कही।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

## अवैध अस्पतालों पर जारी रहेगी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह एवं कायाकल्प टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओटी, लेबर रूम, इमरजेंसी, ओपीडी, लैब, एक्स-रे कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, कोल्ड चेन व शौचालयों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। टीम ने चिकित्सकों व स्टाफ से साक्षात्कार कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की भी समीक्षा की।

कायाकल्प टीम में डॉ. अनुज कुमार (बिजनौर), गंगाशरण (बरेली) सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार, शैली यादव, विनोद कुमार, कुलदीप कुमार, सोनम रस्तोगी, बीपीएम अभिषेक वर्मा, आदि उपस्थित रहे। सीएमओ डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि कायाकल्प कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, सुरक्षा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण में सामने आई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जनपद में किसी भी हाल में अवैध अस्पताल संचालित नहीं होने दिए जाएंगे। अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कदम उठाने की बात कही।

# ईरान से वापस लौटी दो एमबीबीएस की छात्राएं

## परिवार ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** ईरान में जारी महंगाई और विरोध प्रदर्शन के बीच नगर की दो एमबीबीएस छात्राएं आज सुरक्षित अपने घर लौट आई हैं। इससे उनके परिवार ने राहत की सांस ली है।

नगर के मोहल्ला शाह फरीद निवासी पूर्व सभासद शिवाल हैदर की बेटी अर्श और मोहल्ला बगला निवासी मोहम्मद अफसर की बेटी युसरा बतूल ने पिछले साल ईरान के शहर सिराज में सिराज यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस में प्रवेश लिया था। दोनों छात्राओं के परिवार ने बताया कि हालात के लगातार बिगड़ने और वहाँ के लोगों द्वारा महंगाई के विरोध में सड़कों पर उतरने के कारण भारत सरकार ने वहां रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें वापस बुलाया। आज दोनों छात्राएं हवाई मार्ग से शारजा पहुँचीं और वहां से दिल्ली एयरपोर्ट होकर अपने घर पहुँचीं। घर पहुँचते ही दोनों छात्राओं के परिवार ने राहत की सांस ली और उनकी सुरक्षा को लेकर जताई चिंता अब शांत हुई। छात्राओं की सुरक्षित वापसी के साथ ही घर में खुशी का माहौल बन गया। परिवार ने बताया कि बेटी अब पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी देखभाल परिवार कर रहा है। नगरवासी भी दोनों छात्राओं की सुरक्षित वापसी से खुश हैं और भारत सरकार की तत्परता और विदेश मंत्रालय की सक्रियता की सराहना कर रहे हैं। इस बीच, छात्राओं ने भी परिवार और दोस्तों को ईरान में अपने अनुभवों और वहां के हालात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्थिति गंभीर थी और उनके लौटने से पहले लगातार सरकार से संपर्क किया गया था। दोनों छात्राएं अब कुछ दिन परिवार के साथ रहेंगी और इसके बाद अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाएंगी।

# शिकायतों का जल्द निस्तारण किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नवीन तहसील भवन करनपुर माफी में आयोजित किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया द्वारा फरियादियों की फरियाद सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायत दर्ज की गई। जिसमें से मात्र दो का ही निस्तारण हो पाया। बाकी अन्य शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को आदेशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की आठ, पुलिस विभाग की तीन, चकबंदी विभाग की तीन, विद्युत विभाग की चार, आपूर्ति विभाग की एक शिकायत सहित 17 शिकायतें प्राप्त हुई। इस बीच अपर जिलाधिकारी ने संबंधित हल्का लेखपालों को शिकायतों को गंभीरता पूर्वक निस्तारण करने की आदेश दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही शिकायत का निस्तारण माना जायेगा। इस मौके पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, वीडीओ विजय कुमार सक्सेना, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी, वन क्षेत्राधिकार नरेश कुमार, एसडीओ मिथिलेश यादव, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह आदि सहित विभिन्न अधिकारी एवं हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

# मनरेगा बचाने को सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि उनकी पार्टी मनरेगा बचाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेगी।

**■ कांग्रेस की तीन गांवों में चौपाल आयोजित**

शनिवार को गजरौला ब्लॉक की ग्राम पंचायत कांकाठेर, बिजौरा एवं कटाई में आयोजित मनरेगा बचाओ चौपाल में जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को निरस्त किया है, यह अत्यंत चिंताजनक है और यह सुनियोजित साजिश करके यह कदम उठाया है। यह कोई सामान्य प्रक्रिया नहीं है यह अधिकार आधारित कानून को कमजोर करने और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम और मूल्यों को मिटाने की एक सोची समझी राजनीतिक चाल है जिसे पूरा देश जानता है। कांग्रेस पार्टी इस कानून को बचाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई लड़ेगी। हसनपुर विधानसभा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आसिम हुसैन साबरी ने कहा कि, इस योजना को बदलकर केन्द्र सरकार ने गरीबों से रोजगार का हक छीना है। इस मौके पर ब्लॉकाध्यक्ष वाहिद अली सैफी, मनोज कटारिया, शकील चौधरी, फैजान खान, मसूद खान, सलीम साबरी, कामिल खान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# कोहरे में वाहन से टकराई रोडवेज बस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शुक्रवार की रात को छाए घने कोहरे के कारण हाइवे पर एक दिल्ली जा रही रोडवेज बस आगे चल रहे वाहन से टकरा गई, जिससे बस में सवार छह यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बस में सवार यात्रियों को बाहर निकालकर परिचालक की मदद से दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया।

बता दें कि शुक्रवार की शाम से ही वातावरण में घना कोहरा छाना शुरू हो गया था। रात के करीब 11 बजे शाहजहांपुर से दिल्ली जा रही रोडवेज

**■ बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, छह यात्री चोटिल**

बस जब सीओ ऑफिस से थोड़ा आगे पहुंची तो आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बस में आगे की तरफ बैठी एक महिला सहित छह लोग मामूली रूप से घायल हो गए। टक्कर लगने से हुई तेज आवाज को सुनकर को आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और लोगों ने बस में सवार लोगों को बाहर निकालकर परिचालक की मदद से दूसरी बस में सवार कराके रवाना किया। वहीं क्षतिग्रस्त बस को चौपला चौकी के पास में ही खड़ा कराया गया। चौपला चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। बस में सवार यात्रियों को उतारकर दूसरी बस में रवाना किया गया।



# यातायात जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत के कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में यातायात जागरूकता रैली निकालकर जनमानस को यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर चल रहे थे।

शनिवार को नगर के शिव इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। रैली में शामिल बच्चे और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक नारे लगाकर जनमानस को यातायात नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर रहे थे। प्रधानाचार्य शरद शर्मा ने कहा कि, इस समय कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय और अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। वाहन को इतनी ही गति के साथ चलाएं जिस पर नियंत्रण हो सके। कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय इंडीकेटर का प्रयोग करना चाहिए। नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। वैध अभिलेख और लाइसेंस के आधार पर ही वाहन चलाना चाहिए। दो पहिया वाहन पर हैलमेट पहनना चाहिए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करके वापस शिव इंटर कॉलेज में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर जिला संयोजक यश बंसल, कृष्ण सैनी, प्रशांत सैनी, ध्रुव सैनी, धैर्य बंसल, रोहन बंसल, विपिन सैनी आदि समेत शिक्षक नरेन्द्र कुमार, हरिओम शर्मा, विजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार, चंचल कुमारी, जसपाल सिंह, विशाल अग्रवाल, ज्ञानेश कुमार आदि मौजूद रहे।




# चेयरमैन ने किया सड़क व नाली कार्यों का निरीक्षण

## गुणवत्ता व समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने मोहल्ला गांधी नगर, वार्ड संख्या 10 में चल रहे सड़क एवं नाली निर्माण तथा सुधार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वार्ड सभासद जगत सिंह सैनी मौजूद रहे। पालिका अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के समय पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क और नालियों का निर्माण मजबूत व टिकाऊ होना चाहिए, ताकि लोगों को लंबे समय तक परेशानी न उठानी पड़े। साथ ही सभी कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, जिससे आम जनता को जल्द से जल्द सुविधा मिल सके। प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, जल निकासी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसी क्रम में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जहां-जहां सड़कें जर्जर हो चुकी हैं या नालियां क्षतिग्रस्त हैं, वहां चरणबद्ध तरीके से निर्माण और सुधार कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याएं पालिका अध्यक्ष के सामने रखीं। उन्होंने जलभराव, नालियों की सफाई और सड़क की ऊंचाई को लेकर सुझाव दिए। पालिका अध्यक्ष ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए नगर पालिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य कराए जाएंगे।

# जनवरी में रैंकिंग खराब आई, तो अफसरों पर गिरेगी गाज

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम सख्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील में शुक्रवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस इस बार डीएम के सख्त तेवरों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई के साथ-साथ अधिकारियों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा भी की गई।

जिलाधिकारी ने जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जनवरी माह में शिकायत निस्तारण की रैंकिंग खराब आई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशास. निक व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 15, विद्युत विभाग की 5, आपूर्ति विभाग की 3, विकास विभाग की 1, पुलिस विभाग की 3 तथा चकबंदी विभाग की 1 शिकायत सहित कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, सीएमओ डॉ. योगेंद्र सिंह, डीडीओ सरिता द्विवेदी, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, प्रतिभा अग्रवाल, ईओ अवधेश वर्मा सहित सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्टेट हाइवे किनारे लगी अवैध फल मंडी हटवाई

## दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** स्टेट हाईवे पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर संचालित की जा रही फल मंडी को शनिवार को प्रशासन ने हटवा दिया। नायब तहसीलदार राजपाल सिंह और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने नगर पालिका व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि स्टेट हाईवे और बाईपास मार्ग किनारे किसी भी तरह का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बीते दिनों मंडी समिति आढ़ती एसोसिएशन की ओर से जिलाधिकारी को शिकायत दी गई थी कि स्टेट हाईवे किनारे अवैध रूप से फल मंडी लगाई जा रही है, शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। शनिवार को उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव के निर्देश पर नायब तहस. ीलदार राजपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, नगर पालिका कर्मियों और पुलिस बल ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। अधिकारियों ने हाईवे किनारे अतिक्रमण कर लगाई जा रही फल मंडी को हटवाया और सड़क को खाली कराया। नायब तहसीलदार राजपाल सिंह ने व्यापारियों को चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा स्टेट हाईवे या बाईपास मार्ग पर अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और आमजन की सुरक्षा के लिए यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने दो टूक कहा कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# यूपी बार काउंसिल के पहले चरण का मतदान संपन्न







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश बर काउंसिल के चुनाव को लेकर कचहरी परिसर में पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया बरेली बार एसोसिएशन के हालिया चुनाव के बाद अब बार काउंसिल के सदस्यों को चुनने की बारी है उत्तर प्रदेश भर में कुल 333 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं इनके भाग्य का फैसला करने के लिए अधिवक्ता उत्साहित दिख रहे हैं कचहरी परिसर में जगह-जगह प्रत्याशी को काउंटर सजे रहे और पूरा इलाका बैनर पोस्टर से पटा रहा। कुल वोट 1359 प्रथम चरण की वोटिंग शुक्रवार को 572 शनिवार को 580 दो दिन में कुल 1152 मतदान हुआ है बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के 25 सदस्यों के लिए मतदान की प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी।बार काउंसिल का मतदान शुक्रवार और शनिवार को निर्धारित किया गया था अंग्रेजी वर्णमाला के आधार पर ए से सी श्रेणी तक के अक्षर के जिलों को इस चरण में शामिल किया गया है जिसमें बदायूं बरेली और अमरोहा के मतदान अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। सुबह 10:00 से 5:00 शाम तक चलने वाले इस मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। बदायूं और अमरोहा में अधिवक्ता अपने पसंदीदा उम्मीदवार को बार काउंसिल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मतदान के लिए परिषद द्वारा जारी मूल पहचान पत्र लाना अनिवारी होगा चार चरणों का मतदान और मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाचित सदस्य ही मिलकरबार काउंसिल के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन करेंगे।

# शिक्षा और ज्ञान बिना हर इंसान अधूरा

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाफिज इरफान ने तहसील के जौनैरा गांव में अपनी टीम के साथ पहुंचकर देश और समाज की जागृति के लिए शैक्षिक जागरूकता अभियान की श्रृंखला के तहत एक प्रवचन दिया। उन्होंने गांव के युवाओं और बुजुर्गों को समझाया कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज है ज्ञान के बिना, कोई भी व्यक्ति अच्छे और बुरे में अंतर नहीं कर सकता है। ज्ञान बिना हर इंसान अधूरा है,अगर ज्ञान है तो हम एक अच्छे समाज में रह सकते हैं और अच्छे और बुरे को ठीक से पहचान सकते हैं प्यारे रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ और व्यापार और अन्य धार्मिक और दुनियावी मामलों के सभी मामलों में अच्छे व्यवहार के लिए शिक्षा की आवश्यकता है हाफिज इरफान ने कहा कि इसलिए, आप सभी को इस संबंध में एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए, अपने बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाना चाहिए और सभी प्रकार की अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास करते रहना चाहिए ताकि हमारे बच्चे हर समय देश और राष्ट्र के विकास के लिए अपने प्रयास जारी रख सकें बैठक में हाफिज रहमत साहब नदीम सर हाफिज मुशाहिद साहब कारी मुखघतिब साहब ने भी अपने विचारों से अवगत कराते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया इस से पूर्व हाफिज इरफान ने अपनी टीम के साथ गांव में भ्रमण कर शिक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर हाफिज शाहिद हाफिज मुसव्विर साहब मुकर्रम अंसारी अजमल अंसारी शाकिर प्रधान रईस अहमद निहाल मुहम्मद अली डीलर जाघकिर भूरे शेर मुहम्मद आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ताप. रक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 33 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

जिनमें से 08 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग, विद्युत, नगर पालि. का परिषद, खाद एवं रसद विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पुलिस विभाग व अन्य विभागों शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर एसएसपी, सीडीओ, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 18 जनवरी को सीएम करेंगे दो लाख लाभार्थियों को प्रथम किश्त हस्तांतरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्र द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से 18 जनवरी 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ से प्रदेश के समस्त जनपदों के 02 लाख लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि हस्तान्तरित किये जाने हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त जनपदों में मुख्यालय स्तर पर लगभग 500 लाभार्थियों को लिस्निंग मोड में कार्यक्रम से जुड़ने हेतु निर्देश प्रदान किये गये हैं। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम 18 जनवरी 2026 को समय अपरान्ह 03:00 बजे ऑडोटोरियम बदायूँ में आयोजित होगा। कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल परियोजना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्या0), बदायूँ एवं सह नोडल राज. ेश कुमार सिंह, जिला राजस्व अधिकारी/उप जिलाधिकारी (न्या0), बदायूँ होंगे। कार्यक्रम स्थल पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखनें हेतु नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ को नामित किया जाता है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न सम्बंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्देशित किया है कि सौंपे गये दायित्वों का ससमय निर्वहन करना सुनिश्चित करें। ताकि शासन से प्राप्त निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन हो सके एवं कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

# 23 जनवरी को आयोजित होगा मॉकड्रिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिटी मजिस्ट्रेट ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉकड्रिल की तैयारी के सम्वन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य योजना तैयार करने, निर्धारित समय शाम 6:00 बजे पुलिस लाइन में मॉकड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाएगा, सायरन बजते ही पुलिस लाइन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा।

मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग स्काउट गाइड वालंटियर्स, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों, एनसीसी वालंटियर्स एवं आपदा मित्रों द्वारा आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं भवनों फसे लोगों को सुरक्षित बाहर निक. ालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा, मॉकड्रिल में नागरिक सुरक्षा कोर, पावर कारपोरेशन, पुलिस विभाग, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग आदि द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

# पुलिस ने बैंक परिसर में चलाया चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा परिसर में पुलिस उपनि. रीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने बैंक परिसर में खड़ी बिना ताला लगी मोटर साइकिल मालिकों को अपनी अपनी मोटर साइकिलों में ताला लगाकर खड़ी करने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान पुलिस निरीक्षक में सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर बैंक शाखा प्रबंधक प्रभात सागर द्विवेदी, प्रगति मिश्रा, देव रस्तोगी, विकास कुमार, प्रदीप सिंह, रजनीश कुमार यादव, विक्रम मौर्य व पी आर डी जवान मदन लाल आदि मौजूद रहे।

# 31 जनवरी तक आवेदन,फसल हेतु उर्द व मूंग के नि:शुल्क मिनीकिट उपलब्ध

**कामिल खान,शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "राज्य सहायतित नि:शुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम" के अन्तर्गत जायद सीजन हेतु गन्ना अन्त: फसली खेती के साथ उर्द एवं मूंग फसल के नि:शुल्क मिनीकिट उर्द फसल हेतु 33 हे0 तथा मूंग फसल हेतु 857 हे0 किया जाना प्रस्तावित है। बीज मिनीकिट नि:शुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत गन्ना उत्पादक कृषकों के द्वारा कृषि विभाग के दर्शन-2 पोर्टल https%@@agridarshan-up-gov-पद के पब्लिक डोमिन में शीड मिनकिट / गन्ना अन्त: फसली को टैब कर बुकिंग की व्यवस्था दी गई है। ऑनलाइन आवेदन हेतु 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल खोला गया है। कृषकों द्वारा पोर्टल पर जायद सीजन हेतु गन्ना अन्त: फसली खेती के साथ उर्द एवं मूंग फसल की बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा। चयनित कृषकों को च्ै मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि भण्डारों से बीज मिनीकिट वितरित कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक नि:शुल्क उर्द तथा मूंग (गन्ना अन्त:फसली हेतु) बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु विभाग के दर्शन-2 पोर्टल पर अपना ऑनलाइन आवेदन करें।

# देर रात कोहरे में ट्रैक्टर पिकअप गाड़ी में हुई जोरदार भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार देर रात मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर मुड़िया धुरेकी कस्बा के पास घने कोहरे के चलते ट्रैक्टर मिक्सर मशीन और पिकअप गाड़ी में हुई जोरदार भिड़ंत, पिकअप में लगी आग बताया जाता है।

कि मुड़िया धुरेकी कस्बा के पास मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर घने कोहरे के कारण शुक्रवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। कोहरे की वजह से दृश्यता बेहद कम थी, इसी दौरान ट्रैक्टर मिक्सर मशीन और पिकअप गाड़ी के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद पिकअप गाड़ी में अचानक आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में भयंकर रूप ले लिया। आग की लपटें उठती देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के चालक डर के कारण मौके से फरार हो गए। हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग लगने से पिकअप गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने दोनों फरार चालकों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घने कोहरे के चलते हाईवे पर लगातार हादसों की आशंका बनी हुई है, प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# डीएम एसएसपी ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बिसौली। शनिवार को तहसील बिसौली पर जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से बिसौली तहसील पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील बिसौली पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर अधिकांशत् शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा संबंधित को निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने के आदेश-निर्देश दिए गए।

## रामनगर सैदपुर में प्रभात फेरी का आयोजन

**अंकित कुमार गुप्ता,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** रुदायन क्षेत्र के गांव रामनगर सैदपुर मड़फोड़ा में माघ मास की पावन बेला में प्रतिदिन प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की शुरुआत प्रात:काल सर्वेश्वर भगवान मंदिर से होती है और नगर के मुख्य मार्ग पर भजन-कीर्तन और संगीत के साथ यह फेरी निकाली जाती है। इस प्रभात फेरी में समिति के मुख्य कार्यकर्ताओं चंद्रपाल शर्मा, रवि चौधरी, मुकेश शर्मा, विपिन शर्मा, शिशुपाल शर्मा एवं ब्रजराज सिंह चौधरी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। साथ ही, ग्राम के सभी ग्रामवासियों के लोग भी सहयोग और समर्थन प्रदान कर रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रकट करना है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सुदृढ़ करना है।

# एक नजर

## प्रभात फेरी जिस रोड पर निकलती है उस पर निकाली जाएगी, कोई नई परंपरा ना डालें: पुलिस क्षेत्र अधिकारी



**इस्लामनगर।** थाना क्षेत्र के गांव ब्यौर कासिमाबाद में पिछले कई दिनों से निकाली जा रही प्रभात फेरी का रूट बदलने को लेकर बुधवार व गुरुवार को विवाद की स्थिति बन गई। पुलिस प्रशासन और गांव के लोगों के बीच इस बात को लेकर मतभेद सामने आया कि प्रभात फेरी पूर्व से निर्धारित रूट से निकाली जा रही है या किसी नए रास्ते से। पुलिस प्रशासन का कहना है कि प्रभात फेरी निकाल रहे लोग पूर्व से नियत रूट को छोड़कर किसी अन्य रूट से प्रभात फेरी निकालने का प्रयास कर रहे थे। वहीं प्रभात फेरी में शामिल ग्रामीणों का कहना है कि वे पहले से ही जिस रूट से प्रभात फेरी निकालते आ रहे हैं, उसी रूट से निकाल रहे हैं। बुधवार को पुलिस प्रशासन ने गांव पहुंचकर लोगों को नियत रूट से प्रभात फेरी निकालने को लेकर समझाया था। इसके बाद गुरुवार सुबह जब गांव के लोग प्रभात फेरी निकाल रहे थे, तभी पुलिस को सूचना मिली कि प्रभात फेरी दूसरे रूट से निकाली जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रभात फेरी को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच काफी देर तक हंगामा होता रहा। मामले की जानकारी मिलते ही कुछ हिंदू संगठन भी प्रभात फेरी निकाल रहे लोगों के समर्थन में गांव पहुंच गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com

# अधिवक्ताओं में से 226 ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के पहले चरण के मतदान के दूसरे और अंतिम दिन 241 अधिवक्ताओं में से 226 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान को लेकर वकीलों में गजब का उत्साह नजर आया। बिसौली मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट/ पीठासीन अधिकारी पंकज पाण्डेय की देख - रेख में मतदान कराया गया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों का चुनाव करने के लिए शनिवार को सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। दिनभर मतदान केंद्र के बाहर अधिवक्ताओं की भीड़ उमड़ी रही। दोपहर के समय अधिक भीड़ रही। पीठासीन अधिकारी पंकज पाण्डेय ने बताया कि कुल 241 अधिवक्ताओं में से शुक्रवार पहले दिन 121 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। शनिवार दूसरे दिन 105 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए न्यायालय परिसर में पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहे।

# गली का निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ग्राम पंचायत पचदियोरा दीवाननगर में ग्रामीण 15 साल से गली का निर्माण न होने से परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और बताया कि वे कई बार लिखित शिकायतें कर चुके हैं।ग्रामीणों के अनुसार, यह गली पिछले 15 वर्षों से जर्जर हालत में है। पंचायत में ऐसी कई अन्य गलियां भी हैं, जिनकी स्थिति खराब है। इन टूटी हुई गलियों से आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, गंदा पानी जमा होने से गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इस गली का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने इस संबंध में विकासखंड अधिकारी उसावां को एक लिखित शिकायत पत्र भी सौंपा है।ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्होंने इस मामले को कई बार उठाया है, लेकिन निधि में बजट की कमी के कारण निर्माण कार्य में दिक्कत आ रही है। प्रधान ने आश्वा. सन दिया कि वे जल्द से जल्द गली का निर्माण कराने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव की सभी गलियों को ठीक रखना है और उन्होंने पहले भी कई विकास कार्य कराए हैं, लेकिन वर्तमान में बजट की कमी है।विरोध प्रदर्शन में चोब सिंह, अमित कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, अंधेर सिंह, शुभम यादव, रोहित सिंह, अरविंद कुमार, राजीव और धर्मेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# शीतलहर ने जनजीवन को किया प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** कंपाने वाली ठंड से बचने के लिए अलाव और भारी कंबलों का सहारा ले रहे हैं, तो दूसरी तरफ कुछ श्रद्धालु इस पुण्य महीने में सुबह तड़के प्रभात फेरी निकल कर भगवान के नाम की भक्ति की ऊर्जा से स्वयं को सराबोर कर रहे हैं। ऐसा ही एक आध्यात्मिक दृश्य ओरछी चौराहे पर पंजाब नेशनल बैंक के समीप स्थित नीरज प्रधान फार्म हाउस पर देखने को मिला।

यहाँ भीषण ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभात फेरी में एकत्र हुए और प्रभु नाम का जाप व कीर्तन किया। ढोलक-मंजीरों की थाप और 'हरे रामा-हरे कृष्णा' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। घ्स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर लोग घरों में दुबके हुए हैं, वहीं इस पवित्र महीने में कीर्तन और पुण्य लाभ कमाना मन को असीम शांति देता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि ईश्वर के नाम सिमरन में वह शक्ति है, जो शरीर को नहीं बल्कि आत्मा को ऊर्जा प्रदान करती है। यदि मन में अटूट श्रद्धा हो, तो मौसम की दुश्वारियां भी आस्था का रास्ता नहीं रोक सकतीं।

# 24 जनवरी को भव्य रूप से मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस-2026

**कामिल खान,शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के समस्त जनपदों में 24-26 जनवरी, 2026 की अवधि में "उत्तर प्रदेश दिवस-2026" को समारोह पूर्वक आयोजित करने विषयक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। 13 जनवरी 2026 को अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, बदायूँ में पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्बन्धित अधिकारियों से कार्यक्रम की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस-26 को सफलतापूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी की गई। जनपद स्तर पर कार्यकम 24 जनवरी 2026 को "पूनम लॉन मण्डी समिति रोड़ बदायूँ" में आयोजित होगा। कार्यकम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एवं सह नोडल अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) होंगे। उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ में "राष्ट्र प्रेरणा स्थल" पर होगा, जिसका सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। कार्यक्रम के साथ ही सामूहिक विवाह कार्यकम भी होगा। सामूहिक विवाह में लगभग 200 जोड़ों का विवाह सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्नांकित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ 03 में अंकित दायित्व सौंपते हुए निर्देशित किया गया है कि सौंपे गये।

दायित्वों का ससमय निर्वहन करना सुनिश्चित करें। प्रदर्शनी लगाने वाले उपर्युक्त विभागीय अधिकारी 24 जनवरी 2026 को प्रातः 09:30 तक अपने-अपने विभाग के स्टॉल लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रत्येक स्टॉल पर शासन की योजनाओं को पैम्पलेट/बैनर/बैकड्रॉप के रूप में प्रदर्शित करेंगे तथा योजना की पात्रता की शर्तें एवं नियमों के सम्बन्ध में लाभार्थियों को अवगत करायेंगे। समस्त अधिकारीगण कार्यकम को भलीभांति सम्पन्न कराने हेतु सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें ताकि शासन से प्राप्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन हो सके और उत्तर प्रदेश दिवस-2026 सकुशल सम्पन्न हो सके। समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0दल अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में अकेली सो रही वृद्धा की गला दबाकर हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बांसबोझ गांव में घर में अकेली सो रही 70 वर्षीय वृद्धा की किसी अज्ञात व्यक्ति ने गला दबाकर हत्या कर दी। सुबह को जब महिला को मृत अवस्था में पाया गया तो मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बांसबोझ गांव के लालाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहकर मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। उसका परिवार भी उसके साथ रहता है। उसकी मां ललिता देवी उम्र 70 वर्ष घर पर अकेली रहती थी। 13 जनवरी की रात को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस गया और उसने घर में अकेली सो रही उसकी मां की गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। इस मामले में अभी तक कोई भी तहरीर नहीं आई थी। शनिवार को लालाराम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृतका के गले की दो हड्डी टूटने, गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है।

कोतवाल पवन कुमार ने बताया आज मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी

**■ आम के बाग में पेड़ से लटका मिला शव**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना शाही क्षेत्र के गांव धनेली की गोटिया में शनिवार को एक युवक का आम के पेड़ से लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जंगल में खेल रहे बच्चों ने सुबह करीब 11 बजे ठिरिया कल्यानपुर स्थित भगवानदास के बाग में आम के पेड़ पर युवक को लटका देखा। बच्चों की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

मृतक की पहचान धनेली की गोटिया निवासी लाखन राजपूत (30) पुत्र हिम्मत सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि लाखन का शव प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ की डाल से लटका हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार युवक के पैर जमीन पर थे और घुटने मुड़े हुए थे, जिससे कई तरह की चर्चाएं भी होती रहीं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर थाना शाही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। बरेली से फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है।

मृतक की पत्नी कविता ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे लाखन काम से घर लौटे थे और नशे में थे। रात करीब साढ़े सात बजे उन्होंने खाना खाया और चारपाई पर सो गए। इसके बाद वह दूसरे स्थान पर सो गई। रात में लाखन घर से किस समय निकले, इसकी जानक. ारी उन्हें नहीं है। शनिवार सुबह पति के जंगल में पेड़ से लटके होने की सूचना मिली।परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद लाखन मानसिक रूप से परेशान हो गया था। इस हृदयविदारक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे दो नाबालिग बेटों को रोता-बिलखता छोड़ गया है, जिनकी हालत देख ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मीरगंज अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त, दो का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील परिसर में शनिवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

विभागवार प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 10 प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित रहे। इसके अलावा पूर्ति विभाग से 6, विद्युत विभाग से 4, विकास विभाग से 1 तथा वन विभाग से 1 शिकायत दर्ज की गई।

खमरिया सानी निवासी राम भरोसे लाल ने गाटा संख्या 0.1010 हेक्टेयर भूमि पर चकबंदी के उपरांत ओमप्रकाश सिंह द्वारा अवैध कब्जा कर लगातार फसल उगाए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्राम डोगीपुर के ग्रामीणों ने गाटा संख्या 138, जो सरकारी कल्याण कार्य के लिए छोड़ी गई थी, उसे अवैध रूप से विक्रय कर रास्ता बंद किए जाने का मुद्दा उठाया।

इसके अतिरिक्त खमरिया सानी के ग्रामीणों ने मंडनपुर मार्ग पर आवारा सांडों के झुंड से फसलों को हो रहे नुकसान और जान-माल के खतरे की समस्या रखी। समाधान दिवस में फिदाईपुर निवासी एक विकलांग व्यक्ति भी पहुंचा, जिसने राशन कार्ड बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने फतेहगंज खंड विकास अधिकारी को जांच कर पात्र पाए जाने पर राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं तहसीलदार आशीष कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया स्मैक तस्करी का खुलासा

**■ 105 ग्राम अवैध स्मैक बरामद, दो पकड़े, एक फरार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 105 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी। गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम अगरास तिराहा, फतेहगंज पश्चिमी रोड पर दो व्यक्ति स्मैक के साथ मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने कौशल कुमार के पास से 51 ग्राम और साजिद के पास से 54 ग्राम स्मैक बरामद की। कुल 105 ग्राम अवैध स्मैक की बरामदगी के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे स्मैक फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के मोहल्ला अंसारी निवासी अजीम से खरीदते थे। और सस्ते दामों पर स्मैक लेकर उसे महंगे दामों पर ट्रक चालकों को बेचते थे जिससे अपना और अपने परिवार का खर्च चलाते थे। आरो. पियों द्वारा दी गई अन्य जानकारियों की पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

इस मामले में स्मैक सप्लायर बताए जा रहे अजीम फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों में कौशल कुमार (20 वर्ष), निवासी ग्राम पट्टी, थाना फतेहगंज पश्चिमी और साजिद (32 वर्ष), निवासी ग्राम अगरास, थाना फतेहगंज पश्चिमी शामिल। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई आदेश कुमार, एसआई पंकज कुमार,एसआई अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार,हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# बरेली में बार काउंसिल चुनाव का पहला चरण संपन्न

## दो दिनों तक चला मतदान, अधिवक्ताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के पहले चरण का मतदान शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस चरण में बरेली जनपद की जिला कचहरी से लेकर तहसील न्यायालयों तक अधिवक्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाते हुए अनुशासन के साथ मतदान किया, जिससे पहले चरण का चुनाव सफलतापूर्वक पूरा हो सका।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के 25 सदस्य पदों के लिए प्रदेश भर में कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण के तहत अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार 'ए' से 'सी' (ए-सी) श्रेणी में आने वाले जिलों में मतदान कराया गया, जिसमें बरेली, बदायूं और अमरोहा समेत 22 जिले शामिल रहे। शुक्रवार और शनिवार को हुए मतदान के साथ ही अब पहले चरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।






बरेली में कुल 3,451 अधिवक्ता मतदाता पंजीकृत हैं। शुक्रवार को 1,262 और शनिवार को 1,345 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। इस प्रकार दो दिनों में कुल 2,607 वोट डाले गए, जो लगभग 75.5 प्रतिशत मतदान को दर्शाता है। वहीं 844 अधिवक्ता किसी कारणवश मतदान नहीं कर सके। शनिवार को अंतिम दिन भी जिला कचहरी परिसर में सुबह से शाम तक मतदान को लेकर गहमागहमी बनी रही।

### आगे के चरणों पर नजर

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव की प्रक्रिया कुल चार चरणों में पूरी की जाएगी। सभी चरणों का मतदान और मतगणना समाप्त होने के बाद निर्वाचित 25 सदस्य परिषद के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन करेंगे। पहले चरण के शांतिपूर्ण संपन्न होने से अधिवक्ता समुदाय में संतोष का माहौल है।

### तहसीलों में भी दिखी अधिवक्ताओं की सक्रियता

नवाबगंज तहसील की मुंसिफ कोर्ट में कुल 147 मतदाता पंजीकृत हैं। पहले दिन 102 और दूसरे दिन 40 मत पड़े। इस प्रकार कुल 142 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जबकि 5 मतदाता वोट नहीं डाल सके।

बहेड़ी तहसील में कुल 248 अधिवक्ता मतदाता हैं। पहले दिन 125 और दूसरे दिन 108 वोट पड़े। कुल मिलाकर 233 मत डाले गए, जबकि 15 मतदाता मतदान से वंचित रह गए। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

फरीदपुर तहसील में कुल 111 मतदाता हैं। यहां पहले दिन 54 और दूसरे दिन 52 वोट पड़े। इस तरह कुल 106 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 5 वोट नहीं पड़ सके।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुसार मतदान के लिए परिषद द्वारा जारी मूल पहचान पत्र अनिवार्य किया गया था। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रही और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

### पहले चरण में शाहनवाज राना को मजबूत समर्थन का दावा

पहले चरण के मतदान को लेकर बरेली के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुसार, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शाहनवाज राना को इस चरण में अधिवक्ताओं का भरपूर समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं का कहना है कि शाहनवाज राना का लंबा राजनी. तिक और पेशेवर अनुभव, अधिवक्ता हितों को लेकर उनकी सक्रिय भूमिका और न्यायिक व्यवस्था से जुड़ी गहरी समझ उन्हें अन्य प्रत्याशियों से अलग पहचान दिलाती है। इसी कारण कचहरी परिसर और तहसीलों में उनके पक्ष में सकारात्मक माहौल नजर आया।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ-साथ युवा अधिवक्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे परिसर में चुनावी माहौल बना रहा।

# दि डेन कैफे बर्थडे पार्टी कांडः बरेली पुलिस को ठेंगा दिखाकर कोर्ट पहुंचा मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर

**■ कचहरी रोड पर रीलबाजी का वीडियो वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** प्रेमनगर क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित दि डेन कैफे में नर्सिंग छात्रा की बर्थडे पार्टी के दौरान हुए बवाल के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर आखिरकार न्यायालय में सरेंडर कर गया।

करीब 20 दिनों से बरेली पुलिस जिसकी तलाश में दबिश देने का दावा कर रही थी, वही आरोपी खुलेआम शहर में घूमता रहा और अंत में पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए खुद कोर्ट पहुंच गया, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

घटना के मुताबिक, राजेंद्र नगर स्थित दि डेन कैफे में नर्सिंग की छात्रा अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रही थी। आरोप है कि इसी दौरान बजरंग दल का तथाकथित कार्यकर्ता ऋषभ ठाकुर अपने



साथियों के साथ कैफे में घुसा और लव जिहाद का मनगढ़ंत आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला मारपीट, महिलाओं से बदसलूकी और कैफे में तोड़फोड़ तक पहुंच गया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कैफे संचालक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों प्रिंस, आकाश, आशीष, मिरदुन और दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर फरार बना रहा।

उसकी गिरफ्तारी के लिए एसओजी की दो टीमें लगाए जाने का दावा किया गया, मगर वह लगातार पुलिस को चकमा देता रहा।

### सरेंडर से पहले फिर वायरल हुआ वीडियो

सरेंडर से ठीक पहले ऋषभ ठाकुर का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वह कचहरी रोड पर अपने साथियों के साथ बेखौफ अंदाज में रीलबाजी करता और घूमता नजर आया। इस वीडियो के बाद आम लोगों में पुलिस को लेकर नाराजगी और बढ़ गई।

जांच में पुलिस ने ऋषभ ठाकुर को इस पूरे कांड का मुख्य साजिशकर्ता घोषित किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, ऋषभ ठाकुर का नाम पहले भी कई विवादों में सामने आ चुका है। बंदी उलेमा महबूब मदनी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्टर शौचालय में लगाने के मामले में भी चर्चा में रहा है। इसके अलावा उसका एक पुराना वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह भीड़ के बीच एक घायल युवक के पास खड़ा दिखाई देता है, हालांकि उस समय लिखित शिकायत न होने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

विवाद बढ़ने के बाद बजरंग दल ने भी ऋषभ ठाकुर से किनारा कर लिया। संगठन के महानगर संयोजक ने साफ कहा कि "ऋषभ ठाकुर का बजरंग दल से कोई लेना-देना नहीं है।" बताया जा रहा है कि फरार रहते हुए भी ऋषभ ठाकुर सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहा और खुद को बेग. नाह बताता रहा। आखिरकार उसने कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित न्यायालय में हंसते हुए सरेंडर कर दिया।

कैफे कांड के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया था। अब सरेंडर के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। पूरे मामले पर प्रशासन और पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है।

# तहसील दिवस में कुल 38 शिकायतें आई, पांच का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर शुगर मिल पर किसानों का पिछले पेराई सत्र का लगभग 144 करोड़ रुपये का गन्ना बकाया अब तक लंबित है। भुगतान न होने से किसानों में गहरा आक्रोश है। भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 19 जनवरी 2026 को गन्ना समिति बहेड़ी पर धरना-प्रदर्शन करने का एलान किया है।

किसान नेताओं का कहना है कि पूर्व धरने के दौरान मिल प्रबंधन ने 31 दिसंबर 2025 तक संपूर्ण भुगतान का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बाद भी बकाया नहीं चुकाया गया। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 19 जनवरी तक भुगतान नहीं हुआ, तो अनिश्चितक. ालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी मिल प्रबंधन की होगी।

गन्ना भुगतान लंबित रहने से किसान बैंक ऋण, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्चों को लेकर गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मामले में अब तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई न होने से किसानों की नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

इस दौरान एसडीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर और सीओ अरुण कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

# मढ़ी सत्याना शनि मंदिर पर हुआ विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शनिवार को मीरगंज क्षेत्र के मढ़ी सत्याना स्थित शनि मंदिर पर श्रद्धा और आस्था के साथ विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शनिदेव के दर्शन किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आयोजन के. एस. जी. इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामपाल गुप्ता के सौजन्य से संपन्न हुआ। खिचड़ी भोज का शुभारंभ सुबह से ही हो गया था, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ नगर के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान शनिदेव से सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।इस अवसर पर सर्वेश कुमार गुप्ता, रामपाल गुप्ता, महेश गुप्ता, केतन गुप्ता, कुश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष राम नारायण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और भक्तजन उपस्थित रहे।

# मुंह बोले भाई ने पकड़ा बहन का हाथ, चाकू मारकर फंसाने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** उत्तराखंड प्रदेश के हल्द्वानी में एक अखबार में कार्यरत नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव की एक महिला कर्मचारी ने अपने पूर्व सहकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने पहले कार्यालय में उससे जबरन नजदीकियां बढ़ाने का प्रयास किया और बाद में उसके गांव पहुंचकर अभद्रता करते हुए आत्महत्या की धमकी दी।

पीड़िता के मुताबिक वर्ष 2017 में वह एक अखबार के कार्यालय हल्द्वानी में जूनियर सब एडिटर के पद पर कार्यरत थी। लगभग पांच वर्ष बाद उसी कार्यालय में अजय आनंद निवासी रघुनाथपुरम देवलचौड़ रामपुर रोड हल्द्वानी की नियुक्ति आईटी हेड के पद पर हुई। आरोप है कि नियुक्ति के बाद अजय आनंद ने पीड़िता से जबरन नजदीकियां बढ़ाने का प्रयास शुरू कर दिया और सार्वजनिक रूप से उसे "बहन" कहकर संबोधित करने लगा। महिला का कहना है कि वह केवल कार्यालय के कार्यों तक ही सीमित रही, लेकिन आरोपी लगातार व्यक्तिगत बातचीत का दबाव बनाता रहा। कई बार समझाने के बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़िता ने अपना तबादला हल्द्वानी से बरेली करा लिया।

आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी किसी तरह बरेली स्थित कार्यालय पहुंचा और पीड़िता से जबरन "बहन का रिश्ता निभाने" की बात कहने लगा। इंकार करने पर वह वहां से चला गया। महिला के अनुसार 17 जनवरी को आरोपी चार पहिया वाहन से उसके गांव स्थित घर पहुंचा और हाथ पकड़ते हुए प्रेम प्रस्ताव रखा। परिवार के विरोध करने पर आरोपी ने जेब से चाकू निकाल लिया और धमकी दी कि वह खुद को खत्म कर लेगा और पीड़िता को झूठे मुकदमे में फंसा देगा। इसके बाद आरोपी ने चाकू अपने पेट में मार लिया। घटना की सूचना महिला ने तत्काल डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अपने साथ थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। कार्यवाहक कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# बुलेट और नकदी न मिलने पर विवाहिता को बच्चे सहित मार पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को उसके नाबालिग बेटे के साथ ससुराल से निकाल देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति सहित ससुराल पक्ष पर गाली-गलौज, मारपीट, मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न तथा दूसरी शादी की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला के रहने वाले गुड्डू ने अपनी पुत्री किरन का विवाह 4 मई 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से विकास पुत्र हरि प्रसाद निवासी मोहल्ला कम्हारान थाना नवाबगंज बरेली के साथ किया था। आरोप है विवाह के समय पीड़िता के परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। शादी के बाद वह ससुराल गई और दांपत्य जीवन व्यतीत करने लगी। पति के साथ दांपत्य संबंधों से एक पुत्र माधव का जन्म हुआ, जिसकी आयु लगभग एक वर्ष है।

आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद पति, ससुर हरि प्रसाद, सास, ननद, जेठ-जेठानी समेत अन्य ससुरालीजन दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट मोटरसाइकिल तथा एक लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर सभी लोग पीड़िता के साथ गाली-गलौज, मारपीट करने लगे तथा उसे भूखा-प्यासा रखकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

पीड़िता का कहना है कि वह अपना घर टूटने नहीं देना चाहती थी, लेकिन ससुराल पक्ष ने साफ कह दिया कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उसे घर में नहीं रखा जाएगा। इसी जिद के चलते जनवरी 2025 में पीड़िता को उसके नाबालिग बेटे के साथ पहने हुए कपड़ों में ससुराल से मारपीट कर निकाल दिया गया। तब से वह अपने मायके में रह रही है।

पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान पति और अन्य ससुरालीजनों ने न तो उसकी और न ही उसके बेटे की कोई सुध ली। पति द्वारा लगातार छोड़ने और दूसरी शादी करने की धमकी दी जा रही है। मानसिक रूप से परेशान पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# आर्य इंस्टीटष्टूट में नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों को दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के आर्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस कॉलेज में शनिवार को नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों को संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर एमपी आर्य ने शपथ दिलाई।

कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन और विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नर्सिंग का व्यवसाय सेवा पर आधारित है, विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत जीवन में सेवा को ही अपना आधार बनाकर मरीजों की सेवा करें। छात्रों के मन में अहंकार न आने पाए, इसकी उन्हें शपथ दिलाई।

संस्थान के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर आनंद कुमार पाठक ने कहा कि सेवा के जरिए ही रोगियों के मन को जीत सकते हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान फार्मेसी के डायरेक्टर डॉक्टर विकास रस्तोगी, दीक्षा, अरविन्द राठौर, दुष्यन्त कुमार, रामसेवक पटेल, अंसारुलहक, अविनाश, आकांक्षा वर्मा आदि मौजूद रहे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी सुनीं समस्याएं

## तीनों तहसीलों में 70 शिकायतें दर्ज, डीएम एसपी ने 12 का किया मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया गया। तीनों तहसीलों में कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से संबंधित अधिकारियों द्वारा 12 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां कुल 30 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से चार का जिलाधिक.



ारी ने मौके पर ही समाधान कराया। फरियादियों ने घरेलू हिंसा, भूमि विवाद, राजस्व से जुड़े मामलों सहित विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद सभी विभागीय अधिका. रियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों का निस्तारण तय समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। धौलाना तहसील में उप जिला. धिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं हापुड़ तहसील में 18 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से तीन मामलों का तत्काल समाधान कराया गया। समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से दावा किया गया कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कर शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

# चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, ट्रॉली-ट्रैक्टर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र में हुई ट्रॉली चोरी की वारदात का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली के साथ वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी बरामद किया गया है। इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता माना जा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार, थाना पिलखुवा में दर्ज मुकदमा बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना के खुलासे के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने खैरपुर खैराबाद गंदा नाला के पास से आमिर पुत्र जुल्फिकार निवासी ग्राम लोटी, थाना मुंडाली, जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ट्रॉली चोरी की



वारदात को स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई ट्रॉली और घटना में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि जनपद में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

# जल संरक्षण को नई रफ्तार, जल संचयन अभियान की बड़ी शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण को मजबूती देने के उद्देश्य से शनिवार को विकास भवन सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने की। इस दौरान जल शक्ति अभियान के अंतर्गत कैच द रेन यानी वर्षा जल संचयन अभियान के तहत जन भागीदारी आधारित जल संरक्षण पहल की शुरुआत की गई। बैठक में सामुदायिक स्तर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देने और वर्षा जल संचयन को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में केंद्रीय भूजल बोर्ड के वैज्ञानिक डा. आर.के. प्रसाद, मनरेगा के उपायुक्त अनवर शेख, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अंशु गौरव तथा भूगर्भ विभाग मेरठ की सहायक अभियंता अंकिता राय मौजूद रहे। डा. आर.के. प्रसाद ने केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा तैयार जिले का भूजल पुनर्भरण प्लान तथा भूस्थानिक अनुप्रयोग केंद्र द्वारा तैयार ग्रामवार पुनर्भरण मानचित्र की जानकारी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की। यह मानचित्र जल शक्ति मंत्रालय से अनुमोदित है और जिले में जल संरक्षण कार्यों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। बैठक में जल संरक्षण से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवन और भविष्य में बनने वाली नई संरचनाओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समयबद्ध तरीके से योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण से जिले में जल संकट की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके



लिए प्रशासन के साथ-साथ आम जनता की सहभागिता भी बेहद जरूरी है। बैठक के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में ठोस पहल की गई, जिससे आने वाले समय में जिले को जल संकट से राहत मिल सकेगी।

# कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की नई जिला कमेटी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय कमेटी को प्रदेश अध्यक्ष डा. आजाद बेग ने अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए पदाधिका. रियों की सूची जारी कर दी है। इसके बाद मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदा. धिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डा. पदम सिंह साहनी को 21 सदस्यीय टीम के गठन पर बधाई देते हुए कहा कि संगठन को मजबूती देने में चिकित्सा प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।



उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम जनसेवा और संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

डा. पदम सिंह साहनी ने बताया कि कमेटी का गठन समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ स्वास्थ्य से जुड़े जनहित के मुद्दों पर भी प्राथमिकता से काम किया जाएगा। नई कमेटी में आलोक शर्मा और रिदम यादव को जिला उपाध्यक्ष, राज सिंह, नौशाद अली, शाहिद अली और परवेज आलम को जिला महासचिव, विनय कुमार सागर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं अब्दुल रहीम, वेद प्रकाश पाल, शिवम कुमार, अरुण कुमार भारद्वाज, राहुल, अरुण, आशीष कुमार और शिव कुमार को सचिव बनाया गया है। सलमान, राजेंद्र प्रसाद शर्मा और मुकुल गोयल को एक्जीक्यूटिव मेंबर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में धर्मपाल दरोगा, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, रजत त्यागी, संजय छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंच. ाने का संकल्प लिया।

# अवैध पशु कटान पर पुलिस का प्रहार, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध पशु कटान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भैंस प्रजाति का करीब 200 किलोग्राम मांस, पशु अवशेष और कटान में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी के अनुसार गद्दापाड़ा पीरबाउद्दीन रोड क्षेत्र में अवैध रूप से पशु कटान की सूचना मिलने पर टीम ने घेराबंदी कर छापा मारा। मौके से शोएब उर्फ सुऐब पुत्र काली पहलवान निवासी फिरोज बिल्डिंग के पीछे देहली गेट और आमिर पुत्र ताहिर निवासी मोहल्ला सिकंदरगेट, थाना हापुड़ नगर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में मांस



और कटान से संबंधित उपकरण बरामद हुए। बरामद सामान में करीब 200 किलो भैंस प्रजाति का मांस व अवशेष, दो दांव, दो कुरी और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि अवैध पशु कटान पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हाईटेंशन लाइन बनी खतरे की वजह, डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** संभल में बच्चे के वायरल वीडियो के बाद अब हापुड़ जिले से भी ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसने लोगों का ध्यान प्रशासनिक व्यवस्था की ओर खींचा है। धौलाना तहसील क्षेत्र की रहने वाली बच्ची राबिया ने अपने घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को हटवाने के लिए प्रशासन से भावुक अपील की है। शनिवार को सामने आए इस मामले में राबिया का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। राबिया को हाल ही में धौलाना तहसील में एक दिन के लिए प्रतीकात्मक उप जिला. धिकारी बनाया गया था। उस दौरान उसने बच्चों और आमजन से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाया था। अब राबिया खुद अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी से हाथ जोड़कर न्याय की गुहार लगाती नजर आई। वीडियो में उसने बताया कि घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के कारण मकान का निर्माण कार्य बाधित हो गया है और परिवार को हर समय हादसे का डर बना रहता है। राबिया ने यह भी बताया कि इसी विद्युत लाइन की वजह से उसके भाई के साथ गंभीर दुर्घटना हो चुकी है, जिसमें उसका हाथ कट गया था।



बच्ची ने धौलाना कस्बे में सिनेमा हॉल के पास स्थित अपने घर का हवाला देते हुए प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द इस लाइन को हटाया जाए, ताकि परिवार सुरक्षित माहौल में रह सके। इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि आबादी वाले क्षेत्र से हाईटेंशन लाइन गुजरना बड़ा खतरा है और इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि राबिया की इस अपील पर कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।

## एक नजर

# विराट हिंदू सम्मेलन की सफलता हेतु मां यशवंतरी देवी में समिति ने की पूजा-अर्चना, सम्मेलन आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** आज होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को भव्य और दिव्य रूप देने के उद्देश्य से मां यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में आयोजन समिति द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। समिति के सदस्यों ने मां यशवंतरी देवी से कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए संकल्प लिया कि यह आयोजन समाज में धार्मिक चेतना और एकता का संदेश देगा। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की विभाग संचालक ओमप्रकाश, नगर प्रचारक कुलदीप कुमार, स्वतंत्र देवल, केशव वैश्य, नरेश वर्मा, संतोष मिश्रा, प्रेम गंगवार, वीर पाल, हरिपाल सिंह यादव, मान सिंह, आदित्य ओझा, संजीव कुमार, अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। मां यशवंतरी देवी के प्रधान सेवक राजेश बाजपेई ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का माध्यम बनेगा। पूजा-अर्चना के पश्चात समिति ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, आमंत्रण, सुरक्षा, और प्रचार-प्रसार से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और जिम्मेदारियों का वितरण किया।

## ओमार नेचुरल्स प्रा.लि. व मुम्बई के महान फिल्म कलाकार सुदेश बेरी के मध्य हुआ करार

**पीलीभीत।** ओमार नेचुरल्स प्रा० लि० के मैनेज़िंग डायरेक्टर डा० अरूण रस्तोगी व कम्पनी के अन्य सदस्यो द्वारा शुक्रवार को फिल्मी दुनिया के महान कलाकार सुदेश बेरी का निजी होटल मे भव्य स्वागत किया गया। इस खास मौके पर दोनो के मध्य कम्पनी के प्रमोशन व ब्रान्ड एम्बेस्डर के लिए समझौता हुआ वार्ता के दौरान बताया गया कि कम्पनी ने लगभग 6 माह पूर्व फिल्म अभिनेता बेरी से इस सम्बन्ध मे संपर्क किया था जिस पर अभिनेता द्वारा कम्पनी के द्वारा बनाये जा रहे उत्पादो की अपने स्तर से जाँच की व प्रभावी गुणवत्ता पाये जाने से संतुष्ट होने पर उत्पाद का स्वयं के द्वारा उपयोग मे लाया गया, उत्पाद से अच्छे परिणाम प्राप्त होने पर उनके द्वारा कम्पनी को सूचित कर हर्ष प्रकट किया गया, पूछने पर अभिनेता बेरी द्वारा बताया गया कि बह चाहते है कि भारतवर्ष मे सभी व्यक्ति इस उत्पाद का प्रयोग कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करे हमारी शुभकामनाये कम्पनी के साथ है। ओमार नेचुरल्स प्रा० लि० के मैनेज़िंग डायरेक्टर डा० अरूण रस्तोगी व फिल्म अभिनेता सुदेश बेरी साहब के मध्य कम्पनी के उत्पाद 10 पीएम लैक्टिव पाउडर के प्रचार प्रसार हेतु ब्रान्ड एम्बेसडर एमओयू पर हस्ताक्षार किये गये, मौके पर कम्पनी के मार्केटिंग डायरेक्टर प्रेम प्रकाश गंगवार, अमित वार्षणेय आदि रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सहकार भारतीय का 48 वां स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ब्लॉक सभागार में सहकार भारतीय के तत्वावधान में 48 वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकार भारतीय के जिलाध्यक्ष मुनेन्द्र पाल सागर ने की तथा संचालन संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहकार भारतीय के प्रदेश महामंत्री अरविंद दूबे, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि निर्विकार अपूर्व सिंह, चीनी मिल उपाध्यक्ष बहादुर सिंह, कौशल किशोर बाजपेई उपस्थित रहे। उनके साथ संगठन के पदाधिक. ारी, कार्यकर्ता, सहकारी संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सहकार भारतीय के संस्थापकों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद संगठन के उद्देश्यों और सहकारिता आंदोलन की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और मुख्य अतिथि अरविंद दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सहकार भारतीय पिछले 48 वर्षों से सहकारिता के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

# संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन को मिला हंसराज रतन सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए एक समारोह के दौरान संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता को महात्मा हंसराज रतन सम्मान से सम्मानित किया गया है। युवा दिवस पर हुए इस समारोह में देशभर की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर विज्ञान भवन में हंसराज कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समागम विकसित भारत का संकल्प और युवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि युवा केवल भविष्य की आशा नहीं, बल्कि वर्तमान में ही विकसित भारत की असली ताकत हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए नेतृत्व, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालय का समय जीवन का सबसे निर्णायक दौर होता है, जहां व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भर सोच का निर्माण होता है। उन्होंने अपने छात्र राजनीति से जुड़े अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थान केवल डिग्री देने के केंद्र नहीं, बल्कि देश को दिशा देने वाले नेतृत्व की प्रयोगशालाएं हैं। समारोह के दौरान डा. सचिन गुप्ता को दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए महात्मा हंसराज रतन सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि देश की नामचीन हस्तियों के मध्य हंसराज कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व और आभार का पल है। शिक्षकों, विद्वानों और बदलाव लाने वालों के बीच खड़े होकर मुझे यह एहसास हुआ कि शिक्षा आज भी बदलाव लाने वाली सबसे ताकतवर शक्तियों में से एक है। हर सम्मान कोई परिणाम नहीं होता, बल्कि यह उत्कृष्टता, नैतिक नेतृत्व और शिक्षा में समावेशी प्रगति की दिशा में काम करते रहने का एक पक्का वादा होता है। इस सम्मान के लिए आभारी हूं, और मूल्यों, ज्ञान और मकसद के साथ युवा दिमागों को सशक्त बनाने के विजन को आगे बढ़ाने के लिए गहराई से प्रेरित हूं। क्योंकि सच्ची पहचान अवॉर्ड में नहीं, बल्कि उस जिम्मेदारी में होती है जिसको यह प्रदर्शित करता है।

# होरी को हुड़दंग मचौगो फागुन में, बसंत पंचमी 23 को



**मथुरा, वार्ता।** विश्व प्रसिद्ध लठमार और लड्डूमार होली को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। शनिवार को बरसाना स्थित पीडब्ल्यूडी सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण समन्वय गोष्ठी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर ठोस रणनीति बनाई गई। इस बार पूरे मेला क्षेत्र को सात जोन और 18 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा के कड़े घेरे में रखा जाएगा। श्रीजी गेट से प्रवेश और जयपुर मंदिर मार्ग से होगा निकास भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने स्पष्ट मार्ग योजना (रूट प्लान) तैयार की है। श्रद्धालुओं का प्रवेश केवल श्रीजी गेट से होगा, जो कटरा पार्क, सुदामा चौक और दादी बाबा मंदिर होते हुए सिंहपौर गेट तक पहुंचेगा। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर की ओर से निकाला जाएगा। धक्का-मुक्की रोकने के लिए बैरिकेडिंग के जरिए श्बॉक्स फॉर्मेशनश् तकनीक अपनाई जाएगी, जिससे श्रद्धालु छोटे-छोटे समूहों में आगे बढ़ेंगे। 60 पार्किंग और सीसीटीवी से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षेत्र में 60 बड़ी पार्किंग बनाई जाएंगी।

मंदिर क्षेत्र में अव्यवस्था न हो, इसके लिए जूता स्टैंड रोडवेज बस स्टैंड के पास ही बनाए जाएंगे। आयोजन की निगरानी के लिए पीडब्ल्यूडी सभागार में ही सीसीटीवी और लाउडस्पीकर का मुख्य कंट्रोल रूम स्थापित होगा। रंगीली चौक की ओर जाने वाले मार्गों पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों ने परखीं व्यवस्थाएं गोष्ठी में एडीएम प्रशासन डॉ. अमरेश कुमार और एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। बैठक में एसडीएम, सीओ गोवर्धन सहित नगर पंचायत के प्रतिनिधि और मंदिर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कृषि उपनिदेशक को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर पीलीभीत में सम्पन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने की तथा पंचायत का संचालन ब्लाक अध्यक्ष मरौरी बलराम वर्मा ने किया। पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि जनपद में पूरे धान खरीद सत्र वास्तविक किसानों से नाममात्र की धान खरीद हुई। जनपद पीलीभीत धान खरीद सम्बन्धित अधिकारियों की मिली भगत से जनपद पीलीभीत का धान किसान पूरी तरह से बर्बाद हुआ।

# पीलीभीत में करोड़ों का धान खरीद घोटाला, डीएम ने दिए भौतिक सत्यापन के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सरकारी धान खरीद में लगातार करोड़ों के फर्जीवाड़े की शिकायतें मिलने के बाद अब डीएम पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह दो दिन में भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीद के दौरान जिले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका गहराती जा रही है। सरकारी अभिलेखों में भारी मात्रा में धान अवशेष दर्शाया गया है, जबकि कई क्रय केंद्रों पर मौके पर धान उपलब्ध न होने की शिकायतें सामने आई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला. धिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जिले के 6 धान क्रय केंद्रों पर अवशेष धान का भौतिक सत्यापन कराने के आदेश जारी किए हैं। 30 दिसंबर एवं संभागीय खाद्य नियंत्रण बरेली संभाग बरेली के कार्यालय दिनांक 14 जनवरी के द्वारा प्रेषित पत्र के क्रम में जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि कुछ क्रय केंद्रों पर असामान्य रूप से अधिक मात्रा में धान स्टॉक दिखाया गया है। इसी के आधार पर अब केंद्रवार धान की उपलब्धता की जांच कराई जा रही है। जांच टीम में एसडीएम, मंडी सचिव और जिला प्रबंधक शामिल हैं। भौतिक सत्यापन के आदेश जारी होते ही धान खरीद से जुड़ी सहकारी समितियों, क्रय केंद्र प्रभारियों और एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। पहले से ही धान खरीद को लेकर चल रहे विवादों के बीच यह कार्रवाई प्रशासन की अब तक की सबसे सख्त पहल मानी जा रही है। धान खरीद में पारदर्शिता और सरकारी धन की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की इस कार्रवाई पर अब किसानों से लेकर शासन तक की नजरें टिकी हुई हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में राज्य कर विभाग द्वारा विकास भवन सभागार में "व्यापारी संवाद कार्यक्रम" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं एवं सुझावों को अत्यंत गंभीरता से सुना और उनके त्वरित, व्यावहारिक तथा स्थायी समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में व्यापार एवं औद्योगिक गति. विधियों को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा व्यापारियों को सुचारु, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे निर्बाध रूप से अपने व्यवसायिक कार्य संपादित कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष, उद्योग व्यापार मंडल शैलेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष, उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल संदीप अग्रवाल सोनी, जिला अध्यक्ष, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन श्रीष कुमार गुप्ता, सीए टैक्स बार एसोसिएशन राजकुमार अग्रवाल, एडवोकेट टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, अशोक कुमार अग्रवाल एवं सीए टैक्स बार एसोसिएशन अंकित अग्रवाल द्वारा व्यापारी बंधुओं की समस्याओं एवं उनके समाधान पर अपने विचार रखे।

व्यापारी संवाद कार्यक्रम में मेंथा, प्लाईवुड एवं वीनियर, रेडीमेड गारमेंट्स, जरी वर्क्स, हार्डवेयर, मेडिसिन, इलेक्ट्रॉनिक्स, टैक्सटाइल तथा ईंट-भट्ठा सहित विभिन्न व्यापा. रिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यक्रम में राज्य कर उपायुक्त संदेश कुमार जैन, उपायुक्त अनीता सिंह, उपायुक्त उदय प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त राधेश्याम यादव, सहायक आयुक्त प्रदीप कुमार, जे. पी. मौर्य, गुरु प्रसाद, राज्य कर अधिकारी, राहुल कुमार, राज्य कर अधिकारी श्रीकांत यादव, राज्य कर अधिकारी नरेन्द्र लाल उपस्थित रहे।

# बार वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव में राशिद अली गौस एड. बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बार वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के बीच आखिर तक कांटे का मुकाबला बना रहा। अध्यक्ष पद प्रत्याशी राशिद अली गौस एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शकील अहमद एडवोकेट को पाँच वोटों से पराजित कर जीत हासिल कर ली।

शनिवार को चुनाव अधिकारी राशिद खाँ एडवोकेट और सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद जीशान एडवोकेट की देखरेख में बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद पर मतदान शुरु हुआ।

चुनाव में कुल 72 सदस्यों ने मतदान किया। मतदान के दौरान शकील अहमद एडवोकेट को 33 मत और राशिद अली गौस एडवोकेट को 38 मत प्राप्त हुए। वहीं कोषाध्यक्ष के लिए फरीद अहमद एडवोकेट को 38 मत और मौ0 इमरान एडवोकेट को 34 मत प्राप्त हुए इस प्रकार अध्यक्ष पद पर राशिद अली गौस एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शकील अहमद एडवोकेट को पाँच और फरीद अहमद ने कोषाध्यक्ष पद पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मौहम्मद इमरान को चार वोटों से हराकर जीत हासिल कर ली।



विदित हो कि शेष अन्य पदों पर सर्व सम्मति से पदाधिकारियों को चुन लिया गया था।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल बसों व माल वाहनों की सघन चैकिंग

**■ बिना परमिट व नियम विरुद्ध पंजीकरण वाली बसों को नोटिस, चार माल वाहनों का चालान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाए जाने के निर्देशों के क्रम में जनपद में परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों दयावती मोदी अकैडमी स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, सनबे स्कूल, ईस्ट वेस्ट स्कूल एवं गुरूनानक स्कूल मिलक, रामपुर की कुल 120 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुरूनानक स्कूल की 02 बसों के परमिट नहीं पाए गए, जिस पर संबंधित विद्यालय को नोटिस जारी किया गया।

इसी प्रकार सेंट पॉल स्कूल की 03 बसें स्कूल के नाम पर पंजीकृत नहीं पाई गई, जिन्हें नोटिस जारी कर तत्काल बसों को विद्यालय के नाम पर पंजीकृत कर परिवहन विभाग कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कुछ स्कूल बसों में फर्स्ट एड बॉक्स में दवाइयों की कमी पाई गई, जिसे स्कूल प्रबंधन द्वारा मौके पर ही पूरा करा दिया गया।

इसके अतिरिक्त नेशनल हाईवे (मिलकख्ररामपुर मार्ग) पर माल वाहनों द्वारा सवारी ढोने की शिकायत पर चेकिंग की गई, जिसमें 04 माल वाहन सवारी ढोते हुए पाए गए, जिन पर चालान की कार्रवाई की गई।

इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं यात्रीकर/मालकर अधिकारी होरी लाल वर्मा द्वारा ग्राम धमोरा में सड़क सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्राम प्रधान गौतम गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारत भूषण गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव गौरव कुमार मौर्य, ग्राम पंचायत सदस्य अभिषेक भारद्वाज सहित लगभग 65 ग्रामीणों ने सहभागिता की।

गोष्ठी में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं, कोहरे में फॉग लाइट का प्रयोग करें, गलत दिशा में वाहन न चलाएं तथा वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का प्रयोग न करें।

अंत में उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई।

# रामपुर में भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर के ऐतिहासिक 1008 पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आदिम तीर्थंकर, जग-वंदनीय श्री 1008 आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव अत्यंत भव्य, दिव्य और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे मंदिर परिसर में आस्था, भक्ति और उल्लास की अद्भुत छटा देखने को मिली।

पावन अवसर पर प्रात:काल भगवान श्रीजी का विधिवत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात शांतिधारा का पुण्य लाभ जैन संजय जैन एवं प्रमोद जैन द्वारा लिया गया। श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई पूजन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं।

पूजन उपरांत प्रभु को प्रथम निर्वाण लड्डू का अर्पण के सी जैन एवं शिखर जैन तथा अंजू जैन एवं सुरभि जैन आनन्द परिवार द्वारा किया गया।



इसके बाद चौबीस तीर्थंकर भगवानों की दीप आराधना का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित धर्मप्रेमी श्रावकों को दीप अर्पण कर पुण्य अर्जन का अवसर प्राप्त हुआ।

इस अलौकिक एवं पुण्यप्रद अवसर पर विशाल जैन, दिनेश खण्डेलवाल, रजत, संजय, अमन, अजय, समर्पण, वैभव, मनोज, निर्भय, प्रदीप, सरिता, रेखा, रुचि, कंचन, अनीता, वर्षा सहित अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया और अपने जीवन को जिन भक्ति से आलोकित किया।

चौबीस भगवानों की दीप आराधना का पुण्यार्जक परिवार प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट एवं अंजू जैन रहे। वहीं भगवान आदिनाथ के लड्डू के पुण्यार्जक परिवार कस्तूरचंद जैन, शोभा जैन, शोभित जैन, शिल्पी जैन, शिखर जैन एवं पायल जैन रहे। इस अवसर पर सभी पुजारियों को आनन्द परिवार द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर जैन धर्मशाला के बाहर श्रद्धालुओं के लिए हलवे का वितरण किया गया, जिसमें प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट, दिनेश जैन खण्डेलवाल, विशाल जैन, समर्पण जैन एवं अंशू जैन का विशेष सहयोग रहा।

मोक्ष कल्याणक महोत्सव का यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण बना, जिसने पूरे नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

# गजरौला पर कार एक्सीडेंट में स्वार के युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** कार एक्सीडेंट में ग्राम मोहब्बत नगर निवासी सोहराब मिया उर्फ आशु मिया की मौके पर मौत हो गई।

शनिवार अपनी चचेरी बहन की शादी में अपने भाई व दोस्त के साथ रोहतक हरियाणा से कार से स्वार मोहब्बत नगर अपने गांव आ रहे थे।

गजरौला के पास कोहरे के चलते कार डिवाइडर से टकरा गई जिससे कार में सवार सोहराब मिया उर्फ आशु मियां की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके भाई शादाब, जेद व उनका दोस्त स्वार निवासी अजीम घायल हो गए।



आशु मियां रोहतक में बेल्डिंग का काम करता था रविवार को बहन की शादी में पहुचना था इस लिए कार द्वारा घर आ रहे थे।

मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया।

मौके पर पहुचे परिजन शव को अपने साथ ले आये और गाव सुपुर्द खाक कर दिया गया।

# प्रतिबंधित पशुओं की खाल से भरा ट्रक पीछा कर पकड़ा

**■ बड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने लगाया जाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** प्रतिबंधित पशुओं की खाल से भरे ट्रक का पीछा का हिंदू संगठनों ने पकड़ लिया और ट्रक के सामने हाईवे जाम बैठ गए जाम खुलवाने में पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ी।

कोतवाली क्षेत्र के लोहा पट्टी के निकट हाईवे पर सुबह के लगभग 11:30 बजे एक ट्रक मुजफ्फरनगर नंबर मुरादाबाद की तरफ से ट्रक बरेली तरफ को जा रहा था। हिंदू संगठन को सूचना मिली कि ट्रक में प्रतिबंधित पशुओं की भरी हुई खाल है मिलक क्षेत्र के हिंदू संगठन सूचना मिलने पर ट्रक को घेर लिया और ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया।



सूचना पर मिलक पुलिस दलबल के साथ पहुंची पुलिस हिंदू संगठन ट्रक के आगे बैठ गए और धरना प्रदर्शन करने लगे और धार्मिक नारे लगा रहे थे और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग कर रहे है। जाम की वजह से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी सूचना पर कोतवाल पुष्कर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठे लोगों को समझने की कोशिश करने लगे दूसरी ओर सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार पहुंचे और हिंदू संगठनों से बातचीत की गई हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए आदि की मांग की। पुलिस ने मस्कत से दोनों तरफ से ट्रैफिक जाम हो गया उसे वा मुश्किल ट्रैफिक सुचारू कराया गया अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के आश्वासन पर हिंदू संगठन के पदाधिकारी ने धरना प्रदर्शन से उठ गए और अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप तहरीर दो पुलिस इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।

अक्षय शर्मा, अमृत गौड़, प्रवीण गौड़, अमन गुप्ता, अंकित जोशी, अवनीश शर्मा, प्रदीप जाटव, सूरज पटेल, शुभम पांडे, अर्जुन ठाकुर, सोनू शर्मा सहित हिंदू संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से दो बाइक सवार घायल: रेफर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को बाइक और डंपर की टक्कर में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार, शाहबाद थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी विकास और लोकेश रामपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ड्यूटी करने शाहबाद आ रहे थे। ग्राम तुरखेड़ा के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर के बाद दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को कब्जे में लेकर मंडी में खड़ा करा दिया। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# पैसों की रंजिश में पिता पुत्र से की मारपीट, दुकान का सामान फेंका

**शाह टाइम्स संवादाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दुकान पर काम कर रहे मिस्त्री और उसके बेटे को मारपीट कर पैसे छीनने का मामला सामने आया है। जिसके चलते पीड़ित ने मामले की जानकारी देते हुए चौकी पुलिस को तहरीर दी है।

मामला थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित धमोरा चौकी की चंद कदमों की दूरी का है।

धमोरा गांव निवासी शम्सु पुत्र खलील खां की धमोरा मार्केट में लौहा बेल्डिंग की दुकान है। जिस पर वह अपने बेटे सुमाइल के साथ मेहनत कर अपनी गुजर बसर करता है। शम्सु का आरोप है। दोनों पिता पुत्र बीत एक दिन पूर्व अपनी दुकान पर काम कर रहे थे।

जिसके चलते क्षेत्र के ही लखनाखेड़ा गांव निवासी शहीद अहमद पुत्र रहीश अहमद अपने कुछ साथी रऊफ, अजहर, भूरा पुत्र छोटे, हसिर अहमद संग दुकान पर आ धमके। जिसके बाद यह कहते हुए कि तेरी भावी पर इलाज में 80 हजार रुपए लगाए थे वो पैसे हमें दे।

इस दौरान पीड़ित ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि पैसे तुमने लगाए हैं या नहीं। जिसके बाद आरो. पियों ने दुकान पर ही हाई वोल्टेज ड्रामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद दुकान पर काम कर रहे पिता पुत्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित मिस्त्री दुकान पर गिर गया। जिससे उसकी जैव में रखे 24 हजार तीन सौ की रकम गिर गई तो वह आरोपियों ने अपने कब्जे में कर ली और बोले वाकी पैसे कब देगा कहते गए और पिता पुत्र से मारपीट करते गए।

मार्केट में दुकान पर हंगामा होता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। जिसके तरह आसपास लोगों ने आरोपियों के चुंगल से छुड़ाया।

जिससे मामले की जानकारी पीड़ित ने धमोरा चौकी पुलिस से तहरीर के आधार पर की है।

मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मंडल मंत्री ने अनुप्रिया पटेल से मुलाकात की दिल्ली में नव वर्ष की बधाई दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शाहबाद ग्रामीण मंडल मंत्री मनोज कुमार ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने नव वर्ष की बधाई दी और क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की।मंडल मंत्री मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने साथी धर्मेंद्र के साथ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंचे थे।मुलाकात के दौरान, उन्होंने केंद्रीय मंत्री के साथ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तार से बातचीत की। साथ ही, पार्टी की नीतियों और उनके क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध सघन जांच अभियान जारी

**■ 1021 वाहनों की जांच, 01 वाहन पर खनिज विभाग द्वारा चालान की कार्यवाही**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार दिनांक 16 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहस. ीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।



इस अभियान के अंतर्गत प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1021 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान खनिज विभाग द्वारा 01 वाहन पर नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनहित एवं राजस्व संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए इस प्रकार के विशेष जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## सराहनीय कार्य के लिए थानाध्यक्ष भोट अर्जुन त्यागी को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को बार एसोसिएशन रामपुर के उपाध्यक्ष रईस अहमद एडवोकेट एवं कारी मुस्तकीम रजा जिलाध्यक्ष रामपुर तेहरीके तहफ्फुस सुन्नियत दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ ने संयुक्त रूप से थानाध्यक्ष भोट अर्जुन त्यागी को नये साल की मुबारकबाद दी और उनके द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्य के लिए शॉल एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान: 18 जनवरी को विशेष अभियान दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं।

इसी क्रम में आयोग द्वारा 18 जनवरी 2026 को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किया गया है।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद की सभी 05 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों- 34 स्वार, 35 चमरौआ, 36 बिलासपुर, 37 रामपुर एवं 38 मिलक (अ.जा.) में ग्राम सभाओं एवं वार्ड कमेटियों की बैठकें आयोजित कर संबंधित पार्षदों, ग्राम प्रधानों, वार्ड सदस्यों, बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाएंगे।

यदि किसी मतदाता का नाम सूची में छूट गया हो या किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो, तो संबंधित मतदाता निम्न फार्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।

फार्म-6 (नए मतदाता हेतु, घोषणा-पत्र सहित) फार्म-7 (मतदाता सूची से नाम अपमार्जन हेतु) फार्म-8 (मतदाता सूची में प्रविष्टि संशोधन अथवा स्थानांतरण हेतु, घोषणा-पत्र सहित) उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता के स्थानांतरण की स्थिति में फार्म-8 ही भरें, फार्म-6 नहीं।

यदि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो वह विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 06 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करा सकता है।

फार्म निम्न स्थानों से प्राप्त किए जा सकते हैं संबंधित मतदान केंद्र/बीएलओ से तहसील कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से ऑनलाइन माध्यम से ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट https%@@vot-ers-eci-gov-in के माध्यम से उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों का विवरण साझा करते हुए बताया कि सम्भाजन के उपरांत विधानसभा 34-स्वार: 192 मतदान केंद्र, 380 मतदेय स्थल विधानसभा 35-चमरौआ: 210 मतदान केंद्र, 373 मतदेय स्थल विधानसभा 36-बिलासपुर: 268 मतदान केंद्र, 432 मतदेय स्थल विधानसभा 37-रामपुर: 173 मतदान केंद्र, 473 मतदेय स्थल विधानसभा 38-मिलक (अ.जा.): 257 मतदान केंद्र, 456 मतदेय स्थल इस प्रकार जनपद में कुल 1100 मतदान केंद्र एवं 2114 मतदेय स्थल स्थापित किए गए हैं।

## समाधान दिवस में आए दिव्यांग को जमीन पर बैठा दे, दौड़े तहसीलदार, व्हीलचेयर पर बैठाकर ले गए अंदर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत लेकर आए दिव्यांग व्यक्ति, जो कि पैरों से चल भी नहीं पा रहा था। जैसे ही वह सभागार में आया। तहसीलदार अमित कुमार की नजर उस पर पड़ी। तहसीलदार ने सभागार के बाहर खड़े तहसील कर्मियों को निर्देश करते हुए व्हीलचेयर पर बैठाकर लाने के निर्देश दिए। तहसील कर्मी दिव्यांग व्यक्ति को व्हील चेयर से अधिकारियों तक लाए, जहां अफसरों ने दिव्यांग व्यक्ति की शिकायत को सुनते हुए तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम आशुतोष कुमार ने बताया कि तहसील में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्हील चेयर का इंतेजाम है, ताकि किसी भी व्यक्ति को आने में दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

● **महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित है, प्रत्येक पदके लिए आयु सीमा 30 वर्ष है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों की खाली जगहों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन मांगे हैं। इन सहायक कोचों को देश भर के अलग-अलग क्षेत्रीय और नेशनल सेंटर्स ऑफ् एक्सीलेंस या प्रशिक्षण केंद्रो पर नियुक्त किया जाएगा। उन्हें लेवल 6 - 35400-112400/- रुपये पे बैंड आईआई (9300-34800/- रुपये ग्रेड पे 4200/- रुपये) के अनुसार सैलरी और भत्ते मिलेंगे। जिन खेलों में सहायक कोचों की आवश्यकता है, वे इस प्रकार हैं:- एथलेटिक्स में (28 पद), तीरंदाजी (12), बैडमिटन (16), बास्केटबॉल (12), मुक्केबाजी (19), कैनोइंग (7), साइकिलिग (12), तलवारबाजी (11), फील्ड हॉकी (13), फुटबॉल (12), जिमनास्टिक (12), हैंडबॉल (6), जूडो (6), कबड्डी (6), खो खो (2), रोइंग (11), सेपक टकरा (3), शूटिग (28), तैराकी (26), टेबल टेनिस (14), ताइक्वांडो (11), टेनिस (8), वॉलीबॉल (10), भारोत्तोलन (10), कुश्ती (22) और वुशू में (छह) पद। ये पदों के योग्य उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ मिलेगा, महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षित है। प्रत्येक पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 साल है और इस पद के लिए जरूरी योग्यता साई एनएसएनआईएस, पटियाला या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी यूनिवर्सिटी से कोचिग में डिप्लोमा या उसके बराबर की डिग्री या ओलंपिक / पैरालंपिक्स / वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोचिंग में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ हिस्सा लेना या उस खास डिसिप्लिन में द्रोणाचार्य विजेता होना अनिवार्य है।

# एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल

## विक्टोरिया म्बोको को हराने के बाद मीरा एंड्रीवा ने 'मैं स्वयं को धन्यवाद देना चाहूंगी' वाली स्वेटशर्ट पहनी




**एडिलेड, वार्ता।** उभरती हुई टेनिस स्टार मीरा एंड्रीवा ने कनाडा की विक्टोरिया म्बोको को हराकर एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में रूस की एंड्रीवा ने 64 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एंड्रीवा के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है। यह एंड्रीवा का अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए टूर टाइटल और डब्ल्यूटीए 500 लेवल का पहला खिताब है। उन्होंने टूर्नामेंट में गत चैंपियन मैडिसन कीज को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दी और सेमीफाइनल में किम्बर्ली बिरेल को हराया था। मीरा एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब जीतने के बाद एक स्वेटशर्ट पहनी थी जिस पर उनका सिग्नेचर विनिग कैचफ्रेज लिखा था कि मैं स्वयं को धन्यवाद देना चाहूंगी। फाइनल में शनिवार को विक्टोरिया म्बोको को हराने के बाद एंड्रीवा ने सीधे तौर पर स्वेटशर्ट के बारे में कुछ नहीं कहा। 2026 सीजन का अपना पहला खिताब जीतने के तुरंत बाद एंड्रीवा ने अपने विरोधी, टूर्नामेंट के स्टाफ, स्पॉन्सर और फिजियो को धन्यवाद देने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि मेरी टीम का नंबर इसके बाद आता है। लेकिन मुझे सच में लगता है कि यह सब मैंने ही किया है। मुझे नहीं पता कि मैं क्या कह सकती हूं। मैंने बहुत अभ्यास किया, मैंने काम किया है, पसीना बहाया है और सच कहूं तो मुझे यह भी नहीं पता कि आप लोग यहां क्यों हैं। 18 साल की खिलाड़ी ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में इस कैचफ्रेज की शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खैर, यह तब शुरू हुआ जब मैंने पहली बार वह वाक्य कहा था। यह तब की बात है जब मैंने रोमानिया के इयासी में अपना पहला टूर्नामेंट जीता था, 250 डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट। तब से, जब भी मैं जीतती हूं और मुझे स्पीच देने का मौका मिलता है, जब भी मुझे जीतने के बाद कोर्ट पर कुछ कहने का मौका मिलता है, तो मैं हमेशा खुद को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन यह मेरी अपनी बात नहीं है। मैंने इसे स्नूप डॉग से चुराया है। क्योंकि मैंने उसे किसी इंटरव्यू में यह कहते हुए देखा था, 'मैं खुद को धन्यवाद देना चाहता हूं।' और फिर बैकग्राउंड में उसका गाना

खेल विशेष

## वैभव सूर्यवंशी व अभिज्ञान कुंडु के अर्द्धशतक, भारत ने बनाए 238 रन

**बुलावायो, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (72) और अभिज्ञान कुंडु (80) की अर्द्धशतककीय पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के वर्षा प्रभावित मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 238 रन बनाये। बांग्लादेश ने यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 53 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। कप्तान आयुष म्हात्रे (छह), वेदांत त्रिवेदी (शून्य) को अल फहद ने तीसरे ओवर में आउट किया। विहान मल्होत्रा (सात) को 10वें ओवर में अजीजुल हकीम ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अभिज्ञान कुंडु ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने अपना अर्द्धशतकक पूरा किया। 27वें ओवर में इकबाल हुसैन इमोन ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर भारत को चौथा झटका दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 67 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की आतिशी पारी खेली। हरवंश (दो) और कनिष्क चौहान (28) रन बनाकर आउट हुये। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय भारत ने 39 ओवर में छह विकेट पर 192 रन बना लिये है। बारिश के बाद फिर से खेल शुरु होने पर 40वें ओवर में शेख परवेज जिबोन (पांच) को आउट किया। भारत का आठवां विकेट खिलन पटेल (आठ) के रूप में 45वें ओवर में गिरा। इस दौरान कुंडु एक छोर थामे रन बनाते रहे, उन्हें 47वें ओवर में अल फहद ने आउट किया। कुंडु ने 112 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली।

# श्रीलंका के विरन चामुदिथा अंडर-19 विश्व कप इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

● **विरन चामुदिथा ने जापान के खिलाफ 192 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली**

**विंडहोक, वार्ता।** आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्वकप में शनिवार को श्रीलंका के विरन चामुदिथा ने 192 रनों की ऐतिहा. सिक पारी खेलकर टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गये है।

यहां चामुदिथा अंडर-19 विश्वकप 2026 के अपने पहले मैच में जापान के खिलाफ 192 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने अपने हमवतन हसिथ बोयागोडा के 2018 टूर्नामेंट में केन्या के खिलाफ 191 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा, इससे पहले उन्हें टिमोथी मूर ने आउट किया था। उन्होंने अपनी पारी में 26 चौके और एक छक्का लगाया। अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार चामुदिथा ने एक और ऐतिहासिक कारनामा किया है। उन्होंने दीमंथा महाविथान के साथ 328 रन की ओपनिंग साझेदारी की जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

इस बड़ी ओपनिंग साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में जापान की अंडर-19 को जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य दिया।

# मेग-लिचफील्ड की फिफ्टी, यूपी ने मुंबई को हराया





● **कप्तान मेग ने 70 और फीबी ने 61 रनों की शानदार पारी खेली की बदौलत मुंबई का आठ विकेट से हराया**

**नवीं मुम्बई, वार्ता।** कप्तान मेग लानिंग (70) और फीबी लिचफील्ड (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने शनिवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 10वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 22 रनों से जीत दर्ज की। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने यूपी वॉरियर्ज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 69 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए। सजीवन सजना (10), हेली मैथ्यूज (13), नेट साइवर ब्रंट (15), निकोला कैरी (छह) और कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद एमेलिया केर और अमनजोत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठें विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में शिखा पांडे ने अमनजोत कौर 24 गेंदों में 41रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुम्बई इंडियंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी और 22 रनों से मुकाबला हार गई। एमेलिया केर 28 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रही। जी कमालिनी ने नाबाद नौ रन बनाये। यूपी वॉरियर्ज के लिए शिखा पांडे ने दो विकेट लिये। क्रांति गौड़, सोफी एकल्सटन, दीप्ति शर्मा और क्लोई ट्राइऑन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यहां इससे पहले यूपी वॉरियर्ज ने आठ विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में किरण नवगिरे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी फीबी लिचफील्ड ने मेग लालनग के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी हुई।

# जिम्बाब्वे ने कर्टनी वॉल्श को सलाहकार किया नियुक्त



● **आईसीसी के अनुसार जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया आयरलैंड, ओमन व श्रीलंका के साथ टूनामेंट में वापसी कर रहा है**

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आगामी टी-20 विश्वकप से अपने सहयोगी स्टाफ के रूप में वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श को सलाहकार नियुक्त किया है। उपमहाद्वीप में खेलने का काफी अनुभव रखने वाले वॉल्श ने इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक चलेगा। आईसीसी के अनुसार, जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और श्रीलंका के साथ है।

जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट में वापसी कर रहा है, क्योंकि वह 2023 में अफ्रीका क्वालिफायर के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद 2024 के संस्करण में हिस्सा नहीं ले पाया था। हालांकि, इस बार उसने नाम. ीबिया के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप अफ्रीका क्वालिफायर 2025 के जरिए क्वालीफाई किया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह नियुक्ति वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम की तकनीकी गहराई को मजबूत करने के मकसद से की गई है। माकोनी ने कहा कि कर्टनी वॉल्श अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के उच्चतम स्तर पर, खासकर तेज गेंदबाजी में, बेजोड़ अनुभव और समझ रखते हैं। जैसे ही हम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, हमारे लिए यह जरूरी था कि हम किसी ऐसे व्यक्ति को लाएं जो समझता हो कि वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए क्या करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि कर्टनी का ज्ञान, प्रोफेशनलिज्म और खिलाड़ियों को मेंटर करने की क्षमता हमारे लिए बहुत कीमती होगी, क्योंकि हम आने वाली चुनौतियों के लिए अपने गेंदबाजी संसाधनों को बेहतर बना रहे हैं। जिम्बाब्वे अपने पुरुष टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत नौ फरवरी को कोल. ंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में ओमान के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 13 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

# पुणे जीटी-2026 जैसी स्पर्धा भारत में बढ़ा सकती हैं लोकप्रियताः सूर्या

● **भारत में साइकिलिंग को स्वीकार किया जा रहा, जरुरत इस बात की है कि देश हर साल उच्च स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी करें: सूर्या**

**पटियाला, वार्ता।** भारत के सबसे जाने-माने साइकिलिस्ट में से एक सूर्या रमेश थाथू का मानना है कि बजाज पुणे ग्रैंड टूर जैसी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा की मेजबानी करने से देश में इस खेल की लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। फिलहाल पटियाला में आने वाले बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 की तैयारी कर रहे सूर्या ने साइकिलिंग को ज्यादा पहचान दिलाने के लिए भारत में हर साल इसी स्टैंडर्ड की दो से तीन हाई-क्वालिटी रेस की मेजबानी करने की जरूरत पर बल दिया। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 2024 में सर्वश्रेष्ठ साइकिलिस्ट चुने गए सूर्या ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि भारत में साइकिलिंग को स्वीकार किया जा रहा है। जरूरत इस बात की है कि देश हर साल उच्च स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी करे। अगर पुणे जीटी जैसी दो या तीन बड़ी रेस हर साल होती हैं, तो साइकिलिग भारत में क्रिकेट जैसी लोकप्रिय हो सकती है। बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 पुरुषों के लिए भारत की पहली यूसीआई 2-2 कैटेगरी की मल्टी-स्टेज, पांच-दिवसीय कॉन्टिनेंटल साइकिलिग रेस है। यह पांच-दिवसीय रेस, जो 19 से 23 जनवरी 2026 तक होनी है, इसमें पुणे जिले के अलग-अलग इलाकों में 437 किलोमीटर में फैले चार से ज्यादा स्टेज शामिल होंगे। रेस में भारतीय दल में 6-6 राइडर्स की दो टीमें शामिल हैं - भारतीय राष्ट्रीय टीम और भारतीय विकास टीम। सूर्या भारतीय राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। 27 वर्षीय साइकिलिस्ट ने माना कि घरेलू मैदान पर मुकाबला करने का अपना दबाव होता है, लेकिन इसके फायदे भी हैं। उन्होंने कहा कि मेजबान होने के नाते, दबाव तो होगा ही, लेकिन यह एक फायदा भी है। आपको रास्ता पता होता है और मौसम भी आपके अनुकूल होता है। उम्मीदें होंगी, और अगर आप अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो आलोचना भी होगी। शिव छत्रपति पुरस्कार विजेता ने अपनी यात्रा के बारे में बताया कि शुरुआत में उन्होंने खुद ही अभ्यास किया, लेकिन कोच अमित जांगड़ा के तहत ट्रेनिग शुरू करने के बाद उनके प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मैंने एक स्केटर के रूप में शुरुआत की और बाद में साइकि. लिंग में आ गया। शुरुआत में, मैंने स्वयं ही ट्रेनिग ली, अपने आस-पास के लोगों से सीखा और दूसरों को देखकर सीखा। मैंने बिना किसी स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम के एंड्योरेंस राइड्स और स्प्रिंट वर्क पर बहुत ध्यान दिया। मैंने अपनी खुद की ट्रेनिग से मेडल जीते, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुक. ाबला करने के लिए, एक सही ट्रेनिग स्ट्रक्चर जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2023 में उन्हें पेशेवर गाइडेंस की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि मुझे एक ऐसा कोच मिले जो मुझे एक स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम दे सके और सिर्फ एंड्योरेंस राइड्स करने के बजाय मेरी कमजोरियों पर काम कर सके। तब से बहुत कुछ बदल गया है। मैं एक स्प्रिंटर से एक अच्छा क्लाइंबर और टाइम ट्रायलिस्ट बन गया हूं। अपनी रेसिंग स्टाइल में आए बदलाव को लेकर सूर्या ने कहा कि पहले मैं सिर्फ एक स्प्रिंटर था। एक स्प्रिंटर के तौर पर, आप एक्सप्लोसिवनेस पर निर्भर रहते हैं, लेकिन जब आप टाइम ट्रायल में जाते हैं, तो आप एक मजबूत ओवरऑल थ्रेशहोल्ड विकसित करते हैं जिसे आप एक घंटे या उससे ज्यादा समय तक बनाए रख सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महाराष्ट्र में कई प्रतिभावान साइकिलिस्ट हैं, लेकिन उनके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जरूरी अनुभव की कमी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बहुत अच्छे साइकिलिस्ट हैं, लेकिन उन्हें और अधिकतर को अनुभव की जरूरत है। मेरे टीम के साथी और मैं विदेश में रेस कर रहे हैं। कई और रेसर भी हैं जो उतने ही टैलेंटेड हैं। उन्हें रेसिग की टैक्टिक्स सीखने के लिए अनुभव की जरूरत है।

# श्रीनिधि डेक्कन ने मरीना अकादमी को 2-1 से हराया



**नई दिल्ली, वार्ता।** श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब ने शनिवार को एआईएफएफ एलीट यूथ लीग 2025-26 में एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की।

सुबह खेले गए मुकाबले की शुरुआत में मुहम्मद जहान एम-एम- ने सातवें मिनट में गोल. कर श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब को बढ़त दिलाई। इसके बाद अरमान छेत्री ने 29वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसे बाद दोनों टीमों के कई बार गोल करने के प्रयास किए, लेकिन वे इसमें विफल रही। कपमिनलाल ने 89वें मिनट में अपनी टीम एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के लिए संत्वाना गोल किया।

# दिल्ली ने महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराया

● **दिल्ली दबंग वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर लीग में सशक्त शुरुआत की**

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में 16 दिवसीय प्रो रेसलिंग लीग 2026 खेल के दूसरे दिन शुक्रवार देर रात तक खेले गए दंगल मैच में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर सशक्त शुरुआत की।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की 17 वर्षीय पहलवान सारिका ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस 2024 की रजत पदक विज. ेता गुजमान लोपेज युसनेयलिस को 7-0 से मात दी। मुकाबले की शुरुआत महाराष्ट्र केसरी ने 57 किग्रा महिला वर्ग में मनीषा भनवाला की 6-0 की जीत के साथ बढ़त बनाकर की। दिल्ली ने हालांकि पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में शुभम कौशिक की शानदार वापसी के दम पर स्कोर बराबर कर दिया। शुभम ने पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों का टेकडाउन लगाते हुए 12-10 से जीत दर्ज की। 53 किग्रा महिला वर्ग में युवा सारिका के दबदबे के बाद महाराष्ट्र की दुडोवा बिल्याना झिवकोवा ने अंजलि को 10-2 से हराकर मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 125 किग्रा हैवीवेट में महाराष्ट्र के पूर्व यूरोपीय चैंपियन रॉबर्ट बारन ने रोनक को 5-0 से हराकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिलाई। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने इसके बाद लगातार दमदार प्रदर्शन करते हुए 74 किग्रा वर्ग में तुरान बायरामोव ने यश को 14-10 से हराया, जबकि 76 किग्रा महिला वर्ग में अनास्तासिया अल्पएवा ने हर्षिता मोर को फॉल के जरिए पराजित कर दिल्ली की बढ़त मजबूत की। 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफाएइपौर हादी बख्तियार की 5-3 की जीत ने दिल्ली की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अंत में कप्तान सुजीत कलकल ने 6-2 की संयमित जीत के साथ दिल्ली को 6-3 की शानदार टीम विजय दिलाई। दिल्ली की अनास्तासिया अल्पएवा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' जबकि महाराष्ट्र केसरी के रॉबर्ट बारन को 'फाइटर ऑफ द मैच' चुना गया। गौरतलब है कि प्रो रेसलिग लीग 2026 का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है।

## इंदौर एकदिवसीय मैच में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी बादशाहत की जंग

**इंदौर, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को वनडे सीरीज के आखिरी मुक. ाबले में बादशाहत की जंग देखने को मिलेगी। जहां मेहमान टीम लगभग दो दशकों के बाद भारतीय धरती पर एक दुर्लभ वनडे सीरीज जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। वहीं भारत घरेलू रिकार्ड को कायम रखते आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के भारत दौरे के तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुक. ाबले में भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को कायम रखते हुए आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। भारतीय टीम पिछले 20 सालों में घरेलू जमीं पर न्यूजीलैंड से एक भी वनडे सीरीज नहीं हारी है और इस मैदान पर उसका रिकॉर्ड 7-0 का रहा है। भारत दूसरे वनडे में राजकोट में सात विकेट से हार के बाद इस मुकाबले में उतर रहा है, जहां केएल राहुल (112) के जुझारू नाबाद शतक और कप्तान गिल (56) के शानदार अर्द्धशतकक के बावजूद, उन्हें अच्छी बल्लेबाजी पिच पर 284 रन पर सात विकेट पर रोक दिया गया था। यह स्कोर अपर्याप्त साबित हुआ। न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर इसे आसानी से हासिल कर लिया। डैरिल ने ब्लैक कैप्स के लिए शानदार नाबाद 131 रन बनाए, और विल यंग (87) के साथ मिलकर 162 रनों की निर्णायक साझेदारी की। मिशेल इस सीरीज में न्यूजीलैंड के सबसे शानदार खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 215 रन बनाए हैं, जबकि राहुल 141 रनों के साथ भारत के बल्लेबाजी चार्ट में सबसे ऊपर हैं। भारत की गेंदबाजी, खासकर स्पिन विभाग, महत्वपूर्ण चरणों में रन देने के बाद सवालों के घेरे में आ गई है। कुलदीप व जडेजा पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा, जबकि अर्शदीप को शामिल करने से सिराज और प्रसिद्ध के साथ एक बहुत जरूरी स्विंग विकल्प मिल सकता है।

सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 पर किया जा रहा है।

# सिंगापुर के नौसैनिक बेस पहुंचा भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण स्क्वाड्रन



■ वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है

**नई दिल्ली।** आसियान देशों के साथ समुद्री सहयोग और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) मंच में भारत के मौजूदा नेतृत्व के अनुरूप नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) सिंगापुर के चांगी नौसैनिक बेस पहुंचा है जिसमें नौसेना के आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता तथा भारतीय तटरक्षक पोत सारथी शामिल हैं।

नौसेना के अनुसार यह प्रशिक्षण स्क्वाड्रन इन दिनों दक्षिण-पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में प्रशिक्षण तैनाती पर है। वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है। यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना के नौसैनिक क्षमता निर्माण और समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न बंद. रगाह गतिविधियों और पेशेवर संवादों में भाग लेंगे। दोनों नौसेनाओं के प्रशिक्षुओं के बीच संरचित प्रशिक्षण आदान-प्रदान, संयुक्त योग सत्र और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय नौसेना बैंड द्वारा सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रवास के दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। सिंगापुर आगमन पर भारत के उच्चायुक्त डा. शिल्पक अंबुले ने 1टीएस के प्रशिक्षुओं से संवाद किया। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और जहाजों के कमान अधिकारियों ने मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमान के कमांडर से भी शिष्टाचार भेंट की। यात्रा के दूसरे दिन सामुदायिक सहभागिता और सिंगापुर नौसेना के साथ विभिन्न संवाद आयोजित किए गए। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजयिम का भ्रमण, मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं तथा नारायण वृद्धाश्रम और नर्सिंग होम में जनसंपर्क गति. विधि इस दिन के प्रमुख आकर्षण रहे। यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत समुद्री साझेदारी और सतत सहभागिता को और सुदृढ़ करती है।

## भारतीय सेना ने श्रीलंका में तीसरे बेली ब्रिज का निर्माण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के इंजीनियरों ने दित्वा चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित श्रीलंका में बी-492 राजमार्ग पर 120 फुट लंबे तीसरे बेली ब्रिज का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। सेना के अनुसार क्षेत्रीय एकजुटता और मानवीय सहायता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए मध्य प्रांत में स्थित यह पुल कैंडी और नुवारा एलिया जिलों को जोड़ता है। इससे चक्रवात दित्वा के कारण हुई तबाही के बाद एक महीने से अधिक समय तक बाधित रहे महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की बहाली हुई है। जाफना और कैंडी क्षेत्रों में पहले दो बेली ब्रिजों के सफल निर्माण के बाद वहां सेना की यह तीसरी उपलब्धि है। सेना के प्रयासों से इस क्षेत्र में सड़क संपर्क बहाल होने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है और चक्रवात से प्रभावित समुदायों को जरूरी राहत मिली है। सेना ने यह निर्माण कार्य ऑपरेशन सागर बंधु के तहत किया है जो भारत की त्वरित, भरोसेमंद और प्रभावी मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रतिक्रिया को दर्शाता है। भारतीय सेना द्वारा इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और संसाधनों की शीघ्र तैनाती प्राकृतिक आपदाओं के समय सहयोग और एकजुटता की भावना को बताती है। यह पहल भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति और वसुधैव कुटुम्बकम की शाश्वत भावना को रेखांकित करती है।



नई दिल्ली। आगामी गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान भारतीय सेना के वाहन।

## वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने की मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल में तीन फेरबदल की घोषणा की। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि मिगुएल पेरेज पिरेला को संचार एवं सूचना मंत्री नियुक्त किया गया है, जो फ्रेडी नैनेज की जगह लेंगे, जो पर्यावरण-समाजवाद मंत्रालय के प्रमुख होंगे। रोड्रिगेज ने कहा कि अपनी नई भूमिका में, नैनेज हमारी पृश्वी की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी मामलों के लिए सार्वजनिक नीतियों को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिग्ज ने एनीबल कोरोनाडो को परिवहन मंत्री नियुक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के समर्थन में बगदाद में बड़ा प्रदर्शन

**बगदाद।** ईरान को लेकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ इराक की राजधानी बगदाद में एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों इराकी नागरिकों ने भाग लिया। यह जानकारी स्पुतनिक संवाददाता ने शनिवार को दी। ईराक में हजारों आम नागरिकों और शिया समूहों के समर्थकों ने शुक्रवार को अमे. रिकी खतरों के बीच ईरानी क्षेत्र पर हमला करने के खिलाफ बगदाद में ईरानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें ईरान और ईरानी नागरिकों का समर्थन किया। इराकी प्रदर्शकारियों ने अमेरिकी और इजरायली विरोधी नारे लगाए और अमेरिकी और इजरायली झंडे जलाने की कोशिश की।

### चीन का शिजियान-32 उपग्रह प्रक्षेपण मिशन विफल

**शीचांग।** चीन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण शनिवार को विफल रहा। इसके प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00:55 बजे (बीजिग समयानुसार) उड़ान भरी लेकिन उड़ान के दौरान एक असामान्य घटना घटित हुई। विफलता के कारणों की जांच की जा रही है।

### माली के अधिकारियों ने ज्यून अफ्रीक अखबार पर प्रतिबंध लगाया

**माली।** माली के क्षेत्रीय प्रशासन और विकेंद्रीकरण मंत्री अब्दुलाए माइगा ने देश में ज्यून अफ्रीक समाचार पत्र के प्रकाशन, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। माली की समाचार वेबसाइट 'अ-बमाको' ने शुक्रवार को माइगा के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि यह प्रतिबंध अखबार की कथित झूठी, अस्थिर करने वाली और पक्षपातपूर्ण खबर के प्रकाशन के कारण लगाया गया है, विशेष रूप से ईंधन आपूर्ति संकट के कवरेज के संदर्भ में।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध, तो टैरिफ लगाएंगे

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को धमकी दी, कनाडाई पीएम बोले: हम हर हाल में ग्रीनलैंड के साथ



■ नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है
■ ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुता. बिक, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा के ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमे. रिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसा. इल डिफेंस प्रोजेक्ट है।

यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। अमेरिकी सीनेटर मर्कोव्स्की ने ग्रीनलैंड को जबरन लेने के खिलाफ संसद में एक बिल पेश किया है। वहीं, एक रिपब्लिकन सांसद ने ग्रीनलैंड को जोड़ने के पक्ष में दूसरा बिल पेश किया। ट्रम्प के विशेष दूत जेफ लैंड्री ने बताया कि अमे. रिका को ग्रीनलैंड के नेताओं से सीधे बात करनी चाहिए, न कि डेनमार्क से। उन्होंने कहा ट्रम्प गंभीर हैं। जल्द ही सौदा हो जाएगा। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ट ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। एक डेनिश अधिकारी ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की कोई बात नहीं हुई, लेकिन ट्रम्प के बयानों को गंभीरता से लिया जा रहा है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने 12 जनवरी को ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड बिलश पेश किया, जो अभी हाउस और सीनेट दोनों में पास होना बाकी है। व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

### व्हाइट हाउस ने गाजा शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की घोषणा की

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर गाजा के लिए शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस शांति बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे। बयान में कहा गया कि बोर्ड के सदस्यों में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को कहा था कि गाजा के लिए शांति बोर्ड की स्थापना कर दी गई है और बोर्ड के सदस्यों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# घने कोहरे ने पाकिस्तान में ली 24 लोगों की जान




■ पंजाब और बलूचिस्तान में सड़क हादसों से मचा कोहराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को घने कोहरे ने दो बड़े सड़क हादसों को जन्म दिया। पंजाब और बलूचिस्तान में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे दर्दनाक हादसा पंजाब के सरगोधा जिले में हुआ, जहां एक ट्रक पुल से नीचे सूखी नहर में गिर गया। वहीं बलूचिस्तान के ओरमारा इलाके में एक कोच पलट गई।

दोनों घटनाओं ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। पंजाब के सरगोधा जिले में यह हादसा तड़के हुआ। रेस्क्यू अधिकारियों के मुता. बिक, ट्रक इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहा था। इसमें 23 लोग सवार थे, जो एक जनाजे में शामिल होने जा रहे थे। घने कोहरे के कारण मोटरवे बंद थी, इसलिए चालक ने स्थानीय रास्ता अपनाया। कोट मोमिन तहसील के गालापुर बंगला पुल पर पहुंचते ही ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन पुल से नीचे सूखी नहर में जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ट्रक पलटने के बाद कई यात्री उसके नीचे फंस गए, जिससे रेस्क्यू कार्य बेहद मुश्किल हो गया। घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल कोट मोमिन ले जाया गया। इनमें से तीन घायलों को बाद में तहसील मुख्यालय अस्पताल रेफर किया गया। रेस्क्यू टीम को घटना की सूचना रात एक बजकर 48 मिनट पर मिली थी, जिसके बाद तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। सर्दियों के मौसम में पंजाब और आसपास के इलाकों में घना कोहरा आम बात है। कोहरे के चलते ख्रश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क और पुल का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से शनिवार को एम-1, एम-2, एम-3, एम-4 और एम-11 समेत कई मोटरवे को बंद करना पड़ा। बार-बार हो रहे ऐसे हादसे यह दिखाते हैं कि खराब मौसम में वैकल्पिक मार्गों पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं।

# अमेरिका में भारतीय नागरिक को ढाई साल की जेल की सजा

■ हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 58 वर्षीय भारतीय नागरिक को ढाई साल जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने नियंत्रित हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने की साजिश रची।

इस हफ्ते की शुरुआत में सुनाए गए फैसले में, ओरेगन डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटार्नी स्काट ब्रैडफोर्ड ने कहा कि आरोपी संजय कौशिक ने जानबूझकर और मुनाफे के लिए ये साजिश रची। आरोपी संजय कौशिक दिल्ली का निवासी है। अटार्नी ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत बनाई गई योजना थी जिसमें विदेशी साजिशकर्ताओं के साथ तालमेल शामिल था। रूस की प्रतिबंधित कंपनियां भी इस साजिश में शामिल थीं। आरोपी ने कई बार अपने निजी फायदे के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों को कमजोर करने की कोशिश की। आरोपी ने एक्सपोर्ट कंट्रोल रिफार्म एक्ट का उल्लंघन किया, जिसके लिए उसे फेडरल जेल में 30 महीने और 36 महीने की सुपरवाइज्ड रिहाई की सजा सुनाई। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए असिस्टेंट अटार्नी जनरल जान आइजनबर्ग ने इस मामले पर कहा कि जो लोग अमेरिकी एक्सपोर्ट कंट्रोल कानूनों को चकमा देने की योजना बनाते हैं, खासकर जब इसमें मिलिट्री इस्तेमाल वाली टेक्नोलाजी शामिल होती है-तो उन पर कानून के तहत पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका के मिनियापोलिस में प्रदर्शन जारी, 12 लोगों को किया गिरफ्तारी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के सबसे बड़े शहर मिनियापोलिस में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के अभियानों के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह जानक. ारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने कल कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में आईसीई विरोधी 12 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शन जारी रहा और बिशप हेनरी व्हिपल फेडरल बिल्डिंग के बाहर भीड़ जमा होती रही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर मिनेसोटा में शासन कर रहे डेमोक्रेट्स की आलोचना की।

# अमेरिका की एयरलाइंस को दी गई हिदायत

## मेक्सिको के ऊपर उड़ते समय सावधान रहें, 60 दिन की पाबंदी लगाई




■ पिछले हफ्ते ड्रग कार्टेल को लेकर हमले की धमकी दी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने अपनी एयरलाइंस के लिए चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि वे मेक्सिको, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों के ऊपर उड़ान भरते समय सतर्क रहें। यह चेतावनी संभावित सैन्य गतिविधियों और जीपीएस सिग्नल में रुकावट के खतरे के कारण दी गई है।

एफएए ने मेक्सिको, मध्य अमेरिकी देशों, इक्वाडोर, कोलंबिया और पूर्वी प्रशांत महा. सागर के कुछ हवाई क्षेत्रों के लिए नोटिस टू एयरमेन जारी किए हैं। ये चेतावनियां 16 जनवरी 2026 से शुरू होकर 60 दिनों तक, यानी मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। मेक्सिको सरकार ने एफएए की इस चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक सावधानी है। इससे मेक्सिको की हवाई सीमा या वहां की एयरलाइंस पर कोई पाबंदी नहीं लगी है। यह नोटिस केवल अमेरिकी आपरेटरों (एयरलाइंस) पर लागू होता है और मेक्सिको में उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहेंगी। ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि मेक्सिको में ड्रग कार्टेल देश चला रहे हैं और अमेरिका इनके खिलाफ जमीन पर हमले कर सकता है। वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2. 5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। ट्रम्प बोले: मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स खत्म करने की पेशकश की, राष्ट्रपति नहीं मानी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है।

# मस्क की एक्स गर्लफ्रेंड ने ग्रोक पर केस किया

## स्वास्तिक प्रिंट वाली बिकनी पहने फोटो बनाई थी, मस्क की कंपनी ने भी काउंटर केस किया




■ ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला

**न्यूयार्क।** टेस्ला और एक्स (पहले ट्विटर) के मालिक इलान मस्क के बच्चों में से एक की मां एश्ले सेंट क्लेयर ने एआई कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनका आरोप कि एआई के चैटबाट ग्रोक (ग्रोक) ने यूजर्स को उनकी आपत्तिजनक डीपफेक फोटो बनाने की परमिशन दी, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा और बदनामी झेलनी पड़ी। राइटर और पालिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट 27 साल की एश्ले सेंट क्लेयर ने गुरुवार को न्यूयार्क सिटी की स्टेट सुप्रीम कोर्ट में यह मुकदमा दायर किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला। इसमें उन्हें बिकिनी पहने दिखाया गया। इसके अलावा कुछ दूसरी फोटो में उन्हें एक एडल्ट महिला के रूप में सेक्सुअल पोजिशन में और यहां तक कि स्वस्तिक छपी बिकिनी पहने दिखाया गया। एश्ले सेंट क्लेयर यहूदी हैं, इसलिए उन्होंने इसे और भी अपमान. जनक और डराने वाला बताया। वहीं, एआई का आरोप है कि सेंट क्लेयर ने अपने यूजर एग्रीमेंट का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया है कि कंपनी के खिलाफ केस केवल टेक्सास के फेडरल कोर्ट में ही किया जा सकता है। गुरुवार को ही एआई ने इस केस को न्यूयॉर्क स्टेट कोर्ट से हटाकर मैनहट्टन के फेडरल कोर्ट में ट्रांसफर करा लिया। इतना ही नहीं, उसी दिन एआई ने टेक्सास के फेडरल कोर्ट में एश्ले सेंट क्लेयर के खिलाफ दावा भी दायर कर दिया। इस दावे में एआई ने हर्जाने की रकम की मांग की है। सेंट क्लेयर का कहना है कि जैसे ही उन्हें इन डीपफेक फोटो के बारे में पता चला, उन्होंने पिछले साल ही एक्स को इसकी शिकायत की और तस्वीरें हटाने की मांग की। लेकिन शुरुआती जवाब में प्लेटफार्म ने कहा कि ये फोटो उसकी पालिसी का उल्लंघन नहीं करतीं। बाद में एक्स ने यह भरोसा दिलाया कि उनकी सहमति के बिना उनकी फोटो का इस्तेमाल या एडिटिंग नहीं की जाएगी। इसके बावजूद सेंट क्लेयर का दावा है कि उनके साथ जवाबी कार्रवाई (रिटैलियेशन) की गई। उन्होंने आरोप लगाया-उनका प्रीमियम एक्स सब्सक्रिप्शन और वेरिफिकेशन चेकमार्क हटा दिया गया। उनके अकाउंट से कमाई (मानेटाइजेशन) बंद कर दी गई जबकि उनके करीब 10 लाख फालोअर्स हैं।

## आर्कटिक में रूस-चीन का डर दिखाना पश्चिम का खोखला बहाना: रूसी राजदूत

**मास्को।** नार्वे में रूस के राजदूत निकोलाई कोरचुनोव ने रूसी सरक. ारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बात करते हुए कहा कि आर्कटिक में रूस और चीन की तथाकथित 'धमकी भरी मौजूदगी' को डराने-धमकाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल करने की पश्चिम की नीति गलत साबित हुई है और ग्रीनलैंड के संदर्भ में यह उनके अपने ही यूरोपीय समर्थकों के खिलाफ उलटी पड़ गई है। कोर्चुनोव ने कहा कि कुछ यूरोपीय देश, जो उस क्षेत्र के बाहर हैं, आर्कटिक राज्यों के बीच असहमति का फायदा उठाने की को. शिश कर रहे हैं, ताकि आर्कटिक में अपनी भूमिका और स्थिति मजबूत कर सकें।

# अमेरिकी कॉमेडियन ने ट्रम्प का मजाक उड़ाया

■ कहा: अप्रवासियों की गिरफ्तारी रोकें अपने अवार्ड दूंगा, व्हाइट हाउस बोला: अपने पास रखो, नौकरी जाने पर गिरवी रखना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी लेट-नाइट होस्ट और कामेडियन जिमी किमेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का मजाक उड़ाते हुए एक आफर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को अवाड्र्स बहुत पसंद हैं, इसलिए अगर ट्रम्प मिनियापोलिस से आईसीई (अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) के एजेंट्स को हटा लें और उन्हें वापस बार्डर पर भेज दें, तो वह ट्रम्प को अपने अवाड्र्स दे देंगे।

यह मजाक जिमी किमेल लाइव शो के गुरुवार रात के एपिसोड में आया। किमेल ने ट्रम्प को अपना 1999 का डेटाइम एमी अवॉर्ड, क्लियो अवार्ड, वेबी अवार्ड, राइटर्स गिल्ड अवार्ड और यहां तक कि 2015 का सोल ट्रेन अवार्ड व्हाइट पर्सन आफ द ईयर देने की पेशकश की। किमेल ने कहा कि 'इस वक्त एक अच्छा राष्ट्रपति हालात को शांत करने का रास्ता खोजता, लेकिन हमारे डोनाल्ड ऐसे नहीं हैं। वह जहां जाते हैं, वहां का तापमान बढ़ा देते हैं।' ट्रम्प ने अमेरिका के मिनेसोटा में सेना तैनात करने की धमकी दी थी। यहां अप्रवासियों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिमी किमेल के इस आफर पर व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, जिमी को ये अवार्ड अपने पास ही रखने चाहिए, ताकि जब खराब रेटिंग्स की वजह से उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए, तो वे इन्हें गिरवी रख सकें। किमेल बोले: राष्ट्रपति किसी के गले से भी मेडल खींच सकते हैं। यह व्यंग्य ऐसे समय आया जब वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प को अपना नोबेल पीस प्राइज मेडल भेंट किया। ट्रम्प ने महीनों से नोबेल प्राइज न मिलने की शिकायत की थी। किमेल ने मजाक उड़ाया कि कभी-कभी कोई राष्ट्रपति किसी के गले से भी नोबेल प्राइज का मेडल खींच लेता है। उन्होंने ट्रम्प की फोटो दिखाते हुए कहा कि देखिए कितने खुश हैं ट्रम्प। क्या आपने कभी किसी को इतना खुश देखा है जिसने कोई प्राइज खुद नहीं जीता हो? किमेल ने आगे कहा कि माचाडो खाली हाथ नहीं गईं, उन्हें एक 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' मग गिफ्ट के तौर पर मिला।

# दीया मिर्जा वायरल ट्रेंड में शामिल हुई

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा वायरल 'दिस वाज 2016' ट्रेंड में शामिल होकर अपने प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले गई और अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें साझा कीं, जिससे उनके प्रशंसकों को अपनी शुरुआती फिल्मों की यादें ताजा हो गईं। शनिवार को इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, दीया ने अपने 'रहना है तेरे दिल में' (आरएचटीडीएम) के सह-कलाकार आर- माधवन, जिन्हें मैडी के नाम से जाना जाता है, के साथ फिल्म के पर्दे के पीछे और फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट कीं।

फिल्म की 25वीं वर्षगांठ इस अक्टूबर में आ रही है। अपने कैप्शन में दीया ने लिखा कि यह 2016 था। 19 अक्टूबर 2026 को 25 साल पूरे हो जाएंगे। एक ऐसा तोहफा जो हमेशा मिलता रहता है। फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम बताओ। ओह मैडी मैडी, देखो क्या आ गया? कई प्रशंसकों के लिए, रीना और मैडी के रूप में दीया और माधवन बॉलीवुड की सबसे प्रिय जोड़ियों में से एक हैं। दो दशक से अधिक समय पहले रिलीज होने के बावजूद फिल्म के गाने, संवाद और कहानी आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखते हैं। वाशु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, 'आरएचटीडीएम' में सैफ अली खान ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह माधवन और दीया मिर्जा दोनों की बॉलीवुड में पहली फिल्म थी। गौतम वासुद.ेव मेनन निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा उनकी अपनी तमिल फिल्म मिन्नाले का हिदी रीमेक है, जो उसी वर्ष पहले रिलीज हुई थी।





## भाभी जी घर पर हैं, फन ऑन द रन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक दशक से ज्यादा समय तक टीवी पर दर्शकों को गुदगुदाने के बाद, 'भाबीजी घर पर हैं!' अब अपनी दुनिया को और बड़ा करते हुए अपनी आने वाली थिएट्रिकल फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' के साथ तैयार है।

जी स्टूडियोज और एडिट टू ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' को जी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली ने प्रोड्यूस किया है और जी स्टूडियोज व संजय कोहली ने इसे प्रस्तुत किया है। इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

शुभांगी अत्रे ने कहा, भाबीजी यूनिवर्स हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहा है और अब इसे बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखना मेरे लिए सच में अलग एहसास है। हमने यह फिल्म सिर्फ 17 दिनों में शूट की और उस दौरान हम सबने बहुत मस्ती भी की।

इस बार दर्शक अंगूरी की शरारतों का नया रंग देखेंगे और कई सरप्राइज भी मिलेंगे। रवि किशन सर और मुकेश तिवारी सर के साथ काम करना मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा और मुझे उम्मीद है कि फैंस को जो आगे आने वाला है, वह उन्हें बहुत पसंद आएगा। रवि किशन ने कहा, ष्जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं बहुत खुश हो गया, क्योंकि मुझे पता चल गया था कि यह कोई आम कॉमेडी नहीं है। 'भाबीजी घर पर हैं!' एक कल्ट शो है और फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा। सेट पर सभी के साथ मेरी बहुत अच्छी बॉन्डिग बन गई। शुभांगी के साथ भी मेरा बहुत मजेदार समय रहा, हमारे कई सीन साथ थे और सेट पर लगातार हंसी का माहौल था। मेरा किरदार एकदम विलेन वाला है और कहानी में कुछ ऐसे ट्विस्ट लाता है, जो दर्शकों ने सोचे भी नहीं होंगे। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' 05 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी नजर आएंगी।

स्पिरिट के मेकर टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया जिसमें बताया गया कि यह फिल्म 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होगी। मेकर्स ने लिखा, 'याद रखें स्पिरिट 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली हैं'। फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास और तृप्ति मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि प्रकाश राज, विवेक ओबेरॉय और कंचना सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## फिल्म 'ओ रोमियो' का 'हम तो तेरे ही लिए थे' गाना रिलीज

**नई दिल्ली।** निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' का गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे' शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। यह गीत फिल्म की कहानी की मार्मिक झलक पेश करता है। फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल सहित कई प्रमुख कलाकार हैं। 'ओ रोमियो' फिल्म के सख्त और स्याह परिवेश के बीच, यह गीत एक मार्मिक भावनात्मक विरोधाभास के रूप में उभरता है, जहां नर्म अहसास तल्ख हकीकत से टकराते हैं। विशाल भारद्वाज के ट्रैक में उनका विशिष्ट हस्ताक्षर गहराई और मधुरता है।

## 'इत्ती सी खुशी' में रजत वर्मा को नए लुक की प्रेरणा शाहरुख से मिली


**मुंबई।** अभिनेता रजत वर्मा ने सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में अपने नए लुक की प्रेरणा शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में उनके आइकॉनिक लुक से ली है। शो 'इत्ती सी खुशी' अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है। विराट वर्मा का किरदार निभा रहे रजत वर्मा ने हाल ही में अपने स्टाइल में एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे स्क्रीन पर उनके किरदार में एक नई गहराई आई है। शुरुआत में वह एक लापरवाह, कूल यंग लड़के के रूप में कैजुअल कपड़ों में दिखे थे, लेकिन अब उनका लुक जडादा मैच्योर और स्वाभाविक रूप से ष्मर्दानाष हो गया है। जैसे-जैसे किरदार अनुभवों और जम्मिेदारियों के साथ बड़ा होता है, विराट की स्टाइलिग भी बदल गई है। क्लीन कट्स, हल्के रंग और करीने से पहने गए कपड़े अब उनके किरदार को परिभाषित करते हैं और उनकी अंदरूनी मैच्योरिटी को दिखाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि विराट के मौजूदा लुक के पीछे की प्रेरणा शाहरुख खान के 'मोहब्बतें' में आइकॉनिक लुक से मिली है, जिसमें स्टाइलिग टीम ने शाहरुख का सादगी भरी एलिगेंस, मिनिमल लेकिन असरदार, शांत लेकिन आत्मविश्वासी अंदाज से प्रेरणा लेकर विराट के बदले हुए व्यक्तित्व को आकार दिया है। हल्के फैब्रिक से लेकर हल्के रंगों तक, हर स्टाइलिग चॉइस उस दौर को दिखाती है जिससे विराट अभी गुजर रहा है, एक ऐसा आदमी जो गंभीर जम्मिेदारियों और मुश्किल हालात का सामना कर रहा है। उनका लुक जवानी की आसानी से हटकर जडादा शांत हो गया है, जो दिखाता है कि विराट भावनात्मक रूप से कैसे बड़ा हुआ है और अब वह खुद को जडादा मैच्योरिटी और गहराई के साथ पेश करता है। रजत वर्मा ने कहा कि जब मैंने विराट का किरदार निभाना शुरू किया, तो उसके कपड़े उस समय के उसके व्यक्तित्व को दिखाते थे, लापरवाह, थोड़ा जल्दबाज, और पल में जीने वाला। जैसे-जैसे किरदार बड़ा हुआ और कहानी आगे बढ़ी, स्टाइलिग स्वाभाविक रूप से जडादा साफ-सुथरी और मैच्योर हो गई, ठीक वैसे ही जैसे उसकी सोच। जब टीम ने इस बदलाव पर चर्चा की, तो सबसे पहला रेफरेंस जो मेरे दिमाग में आया, वह 'मोहब्बतें' के शाहरुख खान का था। नया स्टाइल एक खास गंभीरता लाता है, और इसने मुझे विराट के जडादा जमीनी, विकसित रूप को अपनाने में मदद की है। यह उसका एक ऐसा रूप है जिसे खोजने में मुझे मजा आ रहा है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस बदलाव को उतनी ही शिद्दत से



महसूस करेंगे, जितनी शिद्दत से हम इसे बनाते समय महसूस करते हैं। 'इत्ती सी खुशी' हर सोमवार से शनिवार रात नौ बजे, सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।




# अपनी शायरी से जावेद अख्तर ने सभी को किया मदहोश



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने शायर और गीतकार जावेद अख्तर आज 81 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया ''जादू''। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति ''लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा'' से लिया गया है। बाद मे जां निसार के यही पुत्र जादू ''जावेद अख्तर'' के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं। उनके जन्म के कुछ समय के बाद उनका परिवार लखनऊ आ गया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ से पूरी की।कुछ समय तक वहां रहने के बाद वह अलीगढ़ आ गए जहां वह अपनी खाला के साथ रहने लगे। जावेद अख्तर ने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा भोपाल के साफिया कॉलेज से पूरी की लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका मन वहां नहीं लगा और वह अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वर्ष 1964 में मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपये के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिए डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। मुंबई में जावेद अख्तर की मुलाकात सलीम खान से हुई जो फिल्म इंडस्ट्री में बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। इसके बाद वह और सलीम खान संयुक्त रूप से काम करने लगे। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म ''अंदाज'' की कामयाबी के बाद जावेद अख्तर कुछ हद तक बतौर डॉयलाग रायटर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए। फिल्म ''अंदाज'' की सफलता के बाद जावेद अख्तर और सलीम खान को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए। इन फिल्मों में ''हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, जंजीर, यादों की बारात'' जैसी फिल्में शामिल है। सीता और गीता के निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात ''हनी ईरानी'' से हुई और जल्द हीं जावेद अख्तर ने हनी ईरानी से निकाह कर लिया। अस्सी के दशक में जावेद अख्तर ने हनी इरानी से तलाक लेने के बाद शबाना आजमी से शादी कर ली। वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा अपनी नई फिल्म सिलसिला के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन दिनों फिल्म जगत में जावेद अख्तर बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बना चुके थे। यश चोपड़ा ने जावेद अख्तर से फिल्म सिलसिला के गीत लिखने की पेशकश की। फिल्म ''सिल.सिला'' में जावेद अख्तर के गीत ''देखा एक ख्वाब तो सिलसिले हुए और ए कहां आ गए हम '' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए। फिल्म सिलसिला में अपने गीत की सफलता से उत्साहित जावेद अख्तर ने गीतकार के रूप में भी काम करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत लिखकर जन जन के हृदय के तार झनझनाए।

